


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -321 जबलपुर, सोमवार 20 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# महाकुंभ में आग

## महाकुंभ मेले में सिलेंडर ब्लास्ट से लगी आग, कई पंडाल जलकर खाक



## कई लोगों के झुलसने की सूचना

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में सेक्टर-19 स्थित शिविर में भीषण आग लग गई। आग शास्त्री पुल और रेलवे पुल के बीच इलाके में लगी, जो मेला क्षेत्र में आता है। बताया जा रहा है कि खाना बनाने के दौरान सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ, जिससे आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते 20-25 टेंट जलकर खाक हो गए। प्रयागराज. महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार 19 जनवरी की शाम को भीषण आग लग गई. ये आग शास्त्री ब्रिज के नीचे सेक्टर 19 के इलाके में लगी है. कई लोगों के झुलसने की भी सूचना है. अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है. मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया है. कई दमकल की गाडियां पहुंची हैं. आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है. दमकलकर्मियों की टीम आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश कर रही है. उधर, सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं. सीएम ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं.

**20 से 25 टेंट जल गए हैं**

जानकारी के मुताबिक, शाम करीब चार बजे सेक्टर 16 स्थित दिगंबर अनी अखाड़े में प्रसाद बनाया जा रहा था. इसी दौरान भीषण आग लग गई. टेंटों में रखे तीन सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गए. 20 से 25 टेंट खाक हो गए.

**आग को बुझाने का किया जा रहा प्रयास**

मौके पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंच गई है. आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है. भीड़ अधिक होने के कारण दमकल को पहुंचने में समय लगा. पूरे महाकुंभ मेला में अलर्ट जारी हो गया है. सभी सेक्टरों की फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर भेजा रहा है.

दमकल की छह गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं, लेकिन सिलेंडर ब्लास्ट होने से आग विकराल रूप ले रही थी। आग की चपेट में आने से मेला क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल पर पुलिस, एनडीआरएफ और प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए हैं। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है।

**खाली कराया गया है आस-पास का छेत्र**

तेज हवा के कारण आग ने सेक्टर-19 से सेक्टर-20 तक फैलाव कर लिया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन टेंट जलने से व्यापक नुकसान हुआ है। आग के कारण पूरे इलाके में काले धुएं का गुबार छा गया है।

फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। दमकल विभाग ने एहतियात के तौर पर आसपास का क्षेत्र खाली करा लिया है। घटना के बाद मेला क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, शाम करीब चार बजे सेक्टर 16 स्थित दिगंबर अनी अखाड़ें में प्रसाद बनाया जा रहा था। इसी दौरान भीषण आग लग गई। टेंटों में रखे तीन सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गए। 20 से 25 टेंट खाक हो गए।

## गीता प्रेस के 180 कॉटेज जलेरवाना बनाते वक्त सिलेंडर ब्लास्ट की आशंका, एक घंटे में काबू पाया; मुख्यमंत्री योगी पहुंचे







प्रयागराज-(आरएनएस)। प्रयागराज में महाकुंभ के मेला क्षेत्र में रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे आग लग गई। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में ये आग लगी। गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में जल गए। अफसरों के मुताबिक, खाना बनाते समय सिलेंडर ब्लास्ट हो गया था। इसके बाद कई सिलेंडर ब्लास्ट हो गए।

आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां भेजी गई थीं, जिन्होंने आग पर एक घंटे में काबू पाया। एक संन्यासी के एक लाख रुपए के नोट भी जल गए। मेला सीएफओ (चीफ फायर ऑफिसर) प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग से करीब 500 लोगों को बचाया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सीएम योगी को फोन कर घटना की पूरी जानकारी ली। आग लगने की घटना से कुछ देर पहले ही उन्होंने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का जायजा लिया था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगी आदित्यनाथ से बात की और आग की घटना के बारे में जानकारी मांगी

नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योगी आदित्यनाथ से बात की और आग की घटना के बारे में जानकारी मांगी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पहले से ही आयोजन स्थल पर खड़ी कई दमकल गाड़ियां घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद घटनास्थल पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय अधिकारियों ने पुलिस और अग्निशमन विभागों के साथ समन्वय करके तुरंत प्रयास शुरू किए और कुछ ही समय में आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया।

## लाखों रुपए के नोट जले; रेलवे ब्रिज के नीचे आग लगी थी, ऊपर से ट्रेन निकली





## खाटू श्याम से इंदौर जा रही बस सुसनेर में पलटी, 17 यात्री हुए घायल... नीचे दबे पिता और बेटे को बचाया



सुसनेर, आगर-मालवा (आरएनएस)। रविवार सुबह 6-30 बजे सुसनेर थाना इलाके के गणेशपुरा जोड़ गांव के पास सड़क हादसा हो गया। घने कोहरे की वजह से अज्ञात वाहन से टकराकर स्लीपर कोच बस पलट गई। हादसे में 17 यात्री घायल हो गए। इसमें एक डेढ़ साल का बच्चा और उसके पिता भी बस के नीचे फंस गए थे। बस देव नामक एक प्राइवेट कंपनी की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की क्रेन मौके पर पहुंची व बच्चे और पिता को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बता दें की बस खाटूश्याम से इंदौर जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस डॉ शहजाद खान की मदद से सुसनेर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है। 2 गंभीर घायल को उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया है।

## राहुल गांधी को नहीं पता कि इंदिरा और नेहरू ने संविधान के साथ कैसे छेड़छाड़ की-जेपी नड्डा



अहमदाबाद (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है और वह नहीं जानते कि उनके पिता (राजीव), दादी (इंदिरा) और दादी के पिता (नेहरू) ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के क्या-क्या प्रयास किए थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। वह भाजपा के संविधान गौरव अभियान में बोल रहे थे। हाल में, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ एक टिप्पणी में इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल पर उन्होंने प्रहार किया।

## इंदौर से प्रयागराज जा रही बस ने रायसेन में 18 गायों को कुचला, 13 की मौत

रायसेन (आरएनएस)। इंदौर से प्रयागराज जा रही यात्री बस ने बाड़ी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर सड़क पर बैठी 18 गायों को कुचल दिया। इस हादसे में 13 गायों की मौत हो गई और 5 गायें घायल हैं। बस जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि अन्नपूर्णा ट्रैवल्स रीवा की यात्री बस (क्रमांक एमपी 41 जेडएफ 9068) इंदौर से 52 तीर्थयात्रियों और 4 स्टाफ को लेकर प्रयागराज जा रही थी। शुक्रवार-शनिवार की रात करीब 1 बजे ग्राम सिरवास के पास बस ने सड़क पर बैठी गायों को कुचल दिया।

बताया जा रहा है कि ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में यह हादसा हुआ। घटना के बाद बस मौके से फरार हो गई, जिसे सूचना मिलने पर देवरी पुलिस ने पकड़ा। हादसे से बस में सवार यात्री घबरा गए थे, उन्हें सुबह रूटीन बस से जबलपुर भेजा गया, जहां से दूसरी बस का इंतजाम कर उन्हें प्रयागराज रवाना किया गया। सूचना मिलते ही तहसीलदार प्रमोद कुमार उइके मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल गायों के इलाज की व्यवस्था कराई। देवरी थाना प्रभारी जयदीप भदौरिया ने बताया कि सूचना मिलने के बाद बस को जब्त कर लिया गया है। बस ड्राइवर वेदप्रकाश ने पूछताछ में बताया कि उसने गायों को बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन बस पलटने का खतरा था, इसलिए गायों को बचाने में असफल रहा।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना सिहोरा में आज मनोज जायसवाल उम्र 45 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज सुबह अपनी बेटी राशि जायसवाल को स्कूल छोड़ने जनता स्कूल सिहोरा गया था लगभग 10-30 बजे स्कूल के बाहर मेन रोड़ पर सब्जी मंडी में था तभी सत्यम मल्लाह निवासी कंकाली मोहल्ला , दीपक उर्फ दिप्पू पोंछा निवासी गौरय्या मोहल्ला तथा टीपू निवासी सिहोरा के जो आपराधिक किस्म के व्यक्ति है एवं शराब पिये थे आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे,

**मेडिकल कॉलेज डीन ने कहा-अपने 45 वर्षों के सेवाकाल में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एकसाथ देहदान का संकल्प लेते नहीं देखा**

# वरिष्ठजनों की प्रेरणादायी पहल- उपमुख्यमंत्री के समक्ष 101 वरिष्ठ नागरिकों ने भरे देहदान के संकल्प पत्र







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विजन जबलपुर के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि जबलपुर एक संस्कारधानी है और आज इस संस्कारधानी के संस्कार परिलक्षित हो रहे हैं। हम देख रहे हैं कि विजन जबलपुर संस्था के वरिष्ठ नागरिकों ने राष्ट्र एवं मानव हित में आज जो संकल्प लिया है, उससे निश्चित ही एक स्पष्ट संदेश पूरे समाज और राष्ट्र को जाता है कि सभी वर्ग मिलकर के ऐसे ही समाज की सेवा रूपी कार्य करते रहेंगे। रविवार को शहीद स्मारक भवन में आयोजित समारोह में विजन जबलपुर संस्था से जुड़े संस्कारधानी के 101 वरिष्ठजनों ने देहदान का संकल्प पत्र भरकर उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला को सौंपे। उपमुख्यमंत्री ने यह संकल्पपत्र मेडिकल कॉलेज के डीन नवनीत सक्सेना को सौंपे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि समाज को आगे

## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा-राष्ट्र और मानव हित में वरिष्ठजनों का संकल्प अनुकरणीय

बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है और जिस प्रकार आज वरिष्ठ नागरिकों की इस संस्था ने देहदान का संकल्प लिया है और बच्चियों के खाते खुलवाए हैं इसी प्रकार हर व्यक्ति यदि छोटा-छोटा कार्य समाज के लिए करता रहेगा तो वह दिन दूर नहीं जब हम आगे बढ़ जाएंगे और हमारा समाज सर्वसंपन्न होगा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने किया।

**पहली बार एकसाथ इतने लोगों को देहदान का संकल्प लेते देखा**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद आशीष दुबे ने संस्था द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। समारोह में मेडिकल कॉलेज के डीन नवनीत सक्सेना ने कहा कि मेरी 45 वर्षों के सेवाकाल में यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी संख्या में एक साथ लोगों ने देहदान का संकल्प पत्र भरा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि संस्था से जुड़े वरिष्ठ नागरिक हमेशा जनहित के कार्यों में लगे रहते हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. संजय मिश्र उपस्थित रहे।

**101 बेटियों को सौंपी सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक-**
संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि समारोह में निर्धन परिवारों की 101 कन्याओं को प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना का खाता खोलकर पासबुक सौपी गई।

**जबलपुर गौरव सम्मान प्रदान किया**

समारोह में मेडिकल कॉलेज की टीम को किडनी के सफल प्रत्यरोपण हेतु सम्मानित किया गया। इंडियन कॉफी हाउस को देश की सबसे बड़ी सहकारी समिति होने के नाते सम्मानित किया गया। वहीं लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले जबलपुर के उद्योगपतियों को सम्मानित किया गया। समारोह में सीएस राजपूत, अनूप मजूमदार, अजय राजपूत, यशवंत राव, रूप कुमार, एसके बनर्जी, मथुरा जैन उत्साही, विनोद कुमार वैद्य, हिमांशु श्रीवास्तव, सुबी सैमुअल, राजेश परमार, राजेश तिवारी, एमएन सिंह, टेक चंद्र अधिकारी, श्रीमती पूनम प्रसाद एवं डॉ. शोभा सिंह का विशेष योगदान रहा।

## सांसद तन्खा का नगर प्रवास विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राज्य सभा सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक कृष्ण तन्खा रविवार की सुबह सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस से जबलपुर पहुँचे. समाजसेवी अशरफ़ राईन ने स्टेशन पहुँच कर सांसद तन्खा का शाल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. इस मौके पर मुहम्मद तारिक, शाहरूख आदि उपस्थित रहे.

## रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने युवा संगम कार्यक्रम 20 को

जबलपुर-युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप, रोजगार एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने 20 जनवरी को शासकीय मॉडल आई.टी.आई जबलपुर में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा रोजगार मेले में कक्षा दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक डिप्लोमा धारी 18 से 30 वर्ष की आयु के आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। आवेदक प्रात: 11 बजे संस्थान में अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, बायोडाटा एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये

**इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की मांग**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरूषोत्तम तिवारी के साथ महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले संघर्ष मोर्चा भारत के प्रदेश अध्यक्ष भवानी शंकर सैनी ने राष्ट्रीय कार्यालय में मुलाकात की उन्होने बताया कि महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले संघर्ष मोर्चा भारत के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के सम्मान के लिए एक अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से मांग की गई है कि महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये, महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले की जीवनी को प्राथमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये, महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले की प्रतिमा प्रत्येक शाला प्रांगण में स्थापित की जाये, महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले के जन्म दिवस 03 जनवरी को महिला शिक्षक दिवस के रूप में सम्पूर्ण राष्ट्र में मनाया जाना चाहिये, क्योंकि राष्ट्र गौरवान्वित है, महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले इस देश की पहली महिला शिक्षिका थीं। 1888 में महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले को महात्मा की उपाधि से सम्मानित किया गया था। महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले ने समाज में जातिवाद,लैंगिक असामानता और समाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई थी। वह समाज में सामाजिक न्याय और समानता लाने के लिए कार्य करती रही हैं। उनके विचारों और कार्यों से भारतीय समाज में बड़ा बदलाव होने में अहम भूमिका का निर्वाह किया था। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले संघर्ष मोर्चा भारत की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि हमारा परम सौभाग्य होगा कि हमारी पीढ़ी महात्मा ज्योतिबा सावित्री बाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित होते हुए देख सकेगी। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने माननीय राष्ट्रपति एवं माननीय प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित कर भारत रत्न दिये जाने की मांग की है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी पं. श्रृवण मिश्रा सागर, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष लीलाधर झारिया, प्रमुख प्रदेश महासचिव धारा शर्मा, जिला अध्यक्ष ओ.पी. बिल्थरिया, गौरव पाण्डे सागर, महामंत्री बलराम श्रीवास्तव, संगठन मंत्री राहुल वर्मा, युवा नेता राज झारिया, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग केशव पटेल, युवा जिला अध्यक्ष कटनी, प्रिंस पटेल आदि उपस्थित थे।

## शासनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र बड़ा जैन मंदिर हनुमानतल द्वारा एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं कमपिंग थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शासनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र बड़ा जैन मंदिर हनुमानतल द्वारा एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं कमपिंग थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ आज हुआ कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत श्रृंखला के साथ की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत सभा अध्यक्ष श्री कैलाश चंद जी जैन बड़ा जैन मंदिर अध्यक्ष श्री राजेंद्र जी जैन (मामा) ट्रस्टी श्री मंतु सिंघई जी वंदनीय ब्रह्मचारिणी विभूति दीदी जी,श्री पदम चंद जैन, विवेक जैन,सुमित जैन, की उपस्थिति से कार्यक्रम गौरांवित हुआ यह शिविर 6 दिन लगाया जा रहा है जिसमें जोधपुर से आए हुए डॉक्टर विशाल कुमार एवं पी आर झाकर द्वारा यह शिविर लगाया गया जिसमें सभी पूजन समितियों एवं पाठशाला एवं महिला परिषद का सहयोग मिला श्रीमती मिश्री जैन,श्रीमती मौली जैन श्रीमती नेहा जैन ,श्रीमती निधि जैन ,श्रीमती आरती जैन श्रीमती आस्था जैन श्रीमती अमीषा जैन के सहयोग से कार्यक्रम को एक रूप प्रदान किया गया एवं सहयोग मिला

**आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में निशुल्क दवा वितरण**

# दुष्प्रभाव विहीन है आयुर्वेद औषधि



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गणेश नगर विकास समिति कछपुरा माल गोदाम के तत्वाधान में शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय गौरी घाट जबलपुर के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क आयुर्वेदिक औषधि वितरण शिविर का आयोजन 19 जनवरी 25 रविवार को ज्ञान विद्या पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया। शिविर में 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के डॉ आर के तिवारी डॉ गीता पांडे डॉ किरण डॉ मनीष नेमा डॉ गजेंद्र सिंह चौहान डॉ शुभम जैन, जितेंद्र तिवारी सहित पैरामेडिकल छात्राओं ने अपनी सेवाएं दी। शिविर के समापन पर क्षेत्रीय पार्षद पति भाजपा महानगर मंत्री श्री राघवेंद्र यादव ने कहा कि आयुर्वेद उपचार श्रेष्ठ उपचार पद्धति है, आयुर्वेद भारत भूमि की पहचान है।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कहा कि पूरा विश्व आयुर्वेद उपचार पद्धति को अपना रहा है और रोगों से मुक्ति पा रहा है आयुर्वेद औषधि बिना किसी दुष्प्रभाव के मरीज को रोक मुक्त करने में सक्षम है । इस अवसर पर सूरज दुबे, रोशन पटेल, दीपक श्रीवास्तव, सरला शर्मा, बृजेश अड़जरिया आलोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन मनोज सेठ ने किया।

# संविधान में डा. अम्बेडकर ने हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 118 वां एपिसोड सभी 956 बूथों में सुना गया**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 का प्रथम एवं मन की बात का 118 वें एपिसोड में देशवासियों कोगणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा संविधान के निर्माण में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय गणतंत्र में सभी वर्गो के हित के लिए योजनाओं को बनाया। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के सभी 956 बूथों में मन की बात का प्रसारण किया गया जिसमे कार्यकर्ताओ ने क्षेत्रीय जनों के साथ प्रधानमंत्री जी को सुना।

भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल, बरगी विधायक श्री नीरज सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन ने उत्तर विधानसभा के सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड के बूथ क्र 231 में कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात सुनी। जबलपुर के प्रवास पर आए नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने केंट विधानसभा के



अटल बिहारी वाजपेई मंडल के बूथ क्र 168 में सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अशोक रोहाणी एवम स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात सुनी। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने भोपाल स्थित अपने आवास पर मन की बात कार्यक्रम सुना।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से मन की बात करते हुए कहा डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने समानता का अधिकार की बात रखी थी संविधान सभा को हर सदस्य को नमन किया।

25 जनवरी को भारत निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस है भारतीय लोकतंत्र की मां है। हर मतदाता को अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ का उल्लेख करते हुए कहा कुंभ में हर सनातनी संस्कृति से जुड़े हुए व्यक्ति को पहुंचना चाहिए। महाकुंभ प्रयागराज 144 वर्ष बाद सभी संतों का आगमन हुआ है। अद्भुत अद्वितीय आयोजन है। हमें विरासत को सहेजने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा भारत के वैज्ञानिक लगातार स्पेस टेक्नोलॉजी में कार्य कर रहे जिससे आगामी आने वाले समय में आने वाली चुनौतियां से विजय पा सकेंगे। स्वामी विवेकानंद जयंती पर विकसित भारत संवाद में युवाओं ने स्पेस, विकास, औधौगिक क्रांति के विषय में दिये गये सुझावों को मैंने बहुत अच्छी शुरुआत है।

जबलपुर में मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न बूथों पर महामंत्री पंकज दुबे, राजेश मिश्रा, अभय सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रूपा राव, सुषमा जैन, कैलाश चक्रवर्ती, नंदकुमार यादव, अजय मिश्रा, रौनक अग्रवाल, आशीष राव, रवि शर्मा आदि उपस्थित थे।



भोपाल ( आरएनएस )। सौरभ शर्मा मामले में पीसीसी चीफजीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह का वीडियो शेयर करते हुए पूछा है, सौरभ-समर्थक कब सन्यास ले रहे हैं? एक दिन पहले हेमंत कटारे और भूपेंद्र सिंह के बीच आरोप-प्रत्यारोप के दौरान पूर्व मंत्री ने कहा था ऐसा काई पत्र या नोटशीट बता दें जिसमें मैंने कोई अनुशंसा की हो तो राजनीति से सन्यास ले लूंगा। जीतू पटवारी ने सशेल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नोटशीट का पेज शेयर किया ह जिसमें भूपेंद्र सिंह के हस्ताक्षर से सौरभ शर्मा को अनुकंपा नियुक्ति देने की बात लिखी हुई है।



**मुख्यमंत्री, फिटनेस-एकता और देशभक्ति के लिए फिट इंडिया-रन विथ इंडियन आर्मी मैराथन में हुए शामिल**

# भारतीय सेना पर देश और दुनिया को है गर्व-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेवा पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। देश को आजादी मिलने के समय, विश्व के कई देश स्वतंत्र हुए लेकिन भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है, इस पर सभी भारतवासियों को गर्व है। भारतीय सेना का अनुशासन, सजकता, स्फूर्ति और तत्परता ही इस गौरव का आधार है। साहस और शक्ति से संपन्न भारतीय सेना ने हर राजनीतिक परिस्थिति में अपनी सीमा और अनुशासन में रहते हुए मूल भूमिका का निर्वहन किया और देश हित में श्रेष्ठतम योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, फिटनेस-एकता और देश भक्ति के लिए फिट इंडिया रन विथ इंडियन आर्मी के आदर्श वाक्य के साथ द्रोणाचल में आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैराथन विजेताओं को पुरस्कार वितरित भी किऐ। इस अवसर पर उत्साह और जोश से भरपूर भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सेना के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

बेटा-बेटी समान अधिकार और सम्मान के हकदार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सीमा पर तैनात सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने की की पहल सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1949 में जनरल के.एम. करियप्पा के भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की याद में 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। इस क्रम में सुदर्शन चक्र कोर द्वारा आर्मी मैराथन आयोजन की पहल सराहनीय है। उन्होंने इसकी निरंतरता बनाए रखने की अपील की और अधिक से अधिक लोगों से मैराथन में सहभागी होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षमता और योग्यता में बेटा-बेटी बराबर है और उनके अधिकार भी समान है। अत: आर्मी मैराथन में विजेता बेटियों को समान राशि के ही पुरस्कार प्रदान किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हॉफ मैराथन ओपन केटेगरी के अंतर्गत पुरुष वर्ग के विजेता श्री रोहित वर्मा को 1 लाख रुपये, रनर अप श्री हरीश को 50 हजार और तृतीय स्थान पर रहे श्री हुकुम को 25 हजार रुपये का चैक और मध्यप्रदेश पर्यटन का कूपन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त सुश्री भारती नैन, द्वितीय स्थान पर रहीं सुश्री किरण साहू और तृतीय स्थान पर रहीं सुश्री प्रीति खण्डेलवाल को पुरस्कृत किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि सेना और आमजन के बीच जुड़ाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित आर्मी मैराथन में भोपालवासियों की सहभागिता उत्साहवर्धक रही। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा खेल और युवा कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। मेजर जनरल श्री एस.के. श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।

# प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए मिशन मोड पर कर रही कार्य-मंत्री चौहान

**आगर मालवा में जिला स्तरीय संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल**



भोपाल (आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम जिला आगर-मालवा में जिले के प्रभारी एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिला, गरीब, युवा एवं किसान का जीवन बेहतर बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

मंत्री श्री चौहान ने बताया कि आगर-मालवा जिले के 45 हजार हितग्राहियो को अपनी भूमि का अधिकार पत्र मिला है। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड का ई-वितरण किया है। इस अवसर पर विधायक आगर श्री मधु गहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष श्री निलेश जैन पटेल कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, लाभार्थी और नागरिक उपस्थित रहे।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनने अब प्रदेश परिषद के सदस्यों का चुनाव**

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में भाजपा के 56 संगठनात्मक जिलों में अध्यक्षों की घोषणा के बाद अब प्रदेश के नए अध्यक्ष का चुनाव पर सभी की नजरे हैं। जिला अध्यक्षों के बाद अब प्रदेश परिषद के सदस्य भी चुने जाएंगे। दो विधानसभा क्षेत्र पर एक क्लस्टर बनाकर प्रदेश परिषद का सदस्य चुना जाएगा। कुल 345 प्रदेश परिषद सदस्यों के चयन में महिला, एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग का भी ध्यान रखा जाएगा।

**वन विभाग के दो दिवसीय मंथन सत्र का हुआ समापन**

# नगर वनों की तरह ही ग्राम वनों का भी होगा विकास



भोपाल-(आरएनएस) वन विभाग द्वारा अपेक्स बैंक भोपाल के सभागृह में शनिवार को आयोजित मंथन सत्र में ईको पर्यटन नियम, राज्य वन अनुसंधान संस्थान को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिजर्व का प्रेजेंटेशन हुआ। वन मंथन में प्रदेश के कृषकों की निजी भूमि पर बाँस रोपण को प्रोत्साहित करने की प्रक्रिया का सरलीकरण करने पर विचार-विमर्श हुआ। वन समितियों के माध्यम से वन विकास अभिकरण का उपयोग कर राशि के उपयोग को पुनर्जीवित किये जाने पर विचार किया गया। ट्री-आउटसाइड फॉरेस्ट को बढ़ावा देने के लिये कार्य-योजना बनायी गयी। इसमें नगर वनों की तरह ही ग्राम पंचायतों के लिये भी ग्राम वनों का विकास करने की रणनीति तैयार की गयी। प्रदेश में वन एवं वन्य-जीवों के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिये राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर का सुदृढ़ीकरण का निर्णय लिया गया।

वन मंथन के समापन सत्र में अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री असीम श्रीवास्तव और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं और उच्च स्तर की शिक्षा विकास का मूल लक्ष्य -उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**सीधी हॉस्पिटल में 96 स्लाइस सीमेन्स सीटी स्कैन का किया शुभारंभ**



भोपाल-(आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं एवं उच्च स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराना ही विकास का मूल लक्ष्य है। आयुष्मान भारत योजना देश के नागरिकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आज देश के 55 करोड़ से अधिक नागरिकों को इस योजना के माध्यम से शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रूपये तक की नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना का विस्तार करते हुए देश के 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को सम्मिलित किया है। अब देश के 6.5 करोड़ 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के गरीब से गरीब व्यक्ति की पहुंच उत्कृष्ट निजी चिकित्सालयों तक सहज कर दी है। इससे निजी क्षेत्र के चिकित्सालयों को भी लाभ प्राप्त हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी हॉस्पिटल में 96 स्लाइस सीमेन्स सीटी स्कैन एवं नेचुरापैथी का शुभारंभ किया। उन्होने स्वास्थ्य के क्षेत्र में सीधी हास्पिटल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में 35 हजार नए पदों की भर्ती होगी। इसमें 3 हजार चिकित्सक एवं 3 हजार पैरामेडिकल स्टाफ सम्मिलित हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला चिकित्सालयों के साथ-साथ विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। विकासखण्ड स्तर पर सर्वसुविधा युक्त डॉक्टर कालोनी बनायी जायेगी,

जिसका लाभ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सकों को मिलेगा। विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से जिला चिकित्सालय में दबाव कम होगा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# किसान निर्धारित समय पर करायें पंजीयन-खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल- रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 20 जनवरी से 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं के मोबाईल से एम.पी. किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रुपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रुपये अधिक है। पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एम.पी. किसान एप पर भी की गई

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम**

# झाबुआ जिले के 50 ग्रामों में 4286 अधिकार अभिलेखों का वितरण किया गया



भोपाल-(आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केंद्र स्तरीय कार्यक्रम में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना में झाबुआ जिले में ई-वितरण कार्यक्रम महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में हुआ। झाबुआ जिले के 50 ग्रामों के अंतर्गत 4,286 अधिकार अभिलेखों का वितरण किया गया। महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में स्वामित्व योजना में लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस महत्वकांक्षी योजना के माध्यम से भूमि और संपत्ति के रिकार्ड डिजिटलीकरण एवं मालिकाना हक का लाभ अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त होगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि संपत्ति कार्ड से कई प्रकार की परेशानियों का हल हो सकेगा। उन्होंने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को शुभकामनाएं देकर निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर रहने की कामना की। मंत्री सुश्री भूरिया ने कार्यक्रम में स्वच्छ भारत एवं नशा मुक्त भारत की शपथ दिलायी। कलेक्टर नेहा मीना ने बताया कि स्वामित्व योजना अंतर्गत जिले में ड्रोन फ्लॉय ग्रामों की कुल संख्या 396, अधिकार अभिलेख तैयार किए गए कुल ग्रामों की संख्या 334, पूर्व वितरित ग्रामों की संख्या 284, जिनमें कुल 15 हजार 142 अधिकार अभिलेख वितरित किए गए हैं।

## मशिमं की हेल्पलाइन सहित प्राइवेट काउंसलर्स को कॉल कर पूछ रहे परीक्षा कैंसिल या आगे तो नहीं बढ़ जाएगी

भोपाल (आरएनएस)। कोरोना के बाद नए वायरस एचमएमपीवी को लेकर पिछले दिनों सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर आई खबरों और रील्स से स्टूडेंट्स और पैरेंट्स चिंतित हैं। पिछले कुछ समय से इसको लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल की हेल्पलाइन और प्राइवेट काउंसलर्स के पास रोजाना दस से अधिक कॉल्स पहुंच रहे हैं।

पैरेंट्स को लग रहा है कि कहीं यह वायरस उनके बच्चे को चपेट में न ले ले। इस डर से वह एग्जाम के समय में बच्चों को किसी से ज्यादा न मिलने-जुलने और स्कूल-कोचिंग में कम समय बिताने की हिदायत दे रहे हैं।

एक अभिभावक ने हेल्पलाइ पर कॉल कर पूछा कि एम्स ने मास्क लगाने सहित अन्य हिदायत दी है। लाूकडाउन के हालात तो नहीं होंगे, वरना बच्चों के भविष्य का क्या होगा। एक अन्य अभिभावक ने पूछा कि एग्जाम में माशिमं, बच्चों की सेफ्टी के लिए क्या गाइडलाइन बना रहा है।

# स्वामित्व योजना में निवाड़ी जिले के 10 हजार 700 हितग्राही हुए लाभान्वित



भोपाल- (आरएनएस)सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण एवं निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री श्री नारायन सिंह कुशवाह स्वामित्व योजना सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वामित्व योजना में निवाड़ी जिले के 10 हजार 700 पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेखों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन, कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़, पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया, जन-प्रतिनिधि, अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।


# ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा का किया निरीक्षण



भोपाल (आरएनएस)ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार की सुबह सिविल अस्पताल हजीरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री ने यहां गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), शिशु वार्ड, महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी मरीज को कोई असुविधा न हो।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अस्पताल परिसर में बैठक कर निर्देश दिए कि गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में विजिटर्स के कार्ड व्यवस्था प्रारंभ की जाए। ब्लड बैंक का निर्माण कर शीघ्र प्रारंभ करने के इंतजाम किए जाएं। गहन चिकित्सा इकाई में नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था शीघ्र होगी। अस्पताल परिसर में कैथ लैब की स्थापना किए जाने की प्रक्रिया तेज़ की जाए। इसके साथ ही साफ-सफाई तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि जल्द कैंसर, ह्रदय रोग आदि गंभीर रोगों के उपचार के लिये प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से विशेषज्ञ चिकित्सक सिविल अस्पताल हजीरा में अपनी नि:शुल्क सेवाएं देंगे। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सिविल अस्पताल हजीरा में कैथ लैब की स्थापना के लिये आईसीयू के शुभारंभ पर घोषणा कर चुके हैं। कैथ लैब यानि कार्डियक कैथीटेराइज़ेशन लैब में ह्रदय से जुड़े रोगों का निदान और इलाज किया जाता है। चलित निशुल्क दंत चिकित्सालय से हुआ 70 रोगियों का उपचार ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा ग्वालियर 15 विधानसभा में जन सेवा में समर्पित और जनकल्याण समिति के सौजन्य से संचालित दंत चिकित्सा वाहन के जरिए शनिवार को किशनबाग में 70 दंत रोगियों का उपचार किया गया। उल्लेखनीय है कि चलित दंत चिकित्सालय के जरिए प्रतिदिन उप नगर ग्वालियर के अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.

## किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता

जहां तक डीएपी के लिए सब्सिडी का सवाल है, तो असल कहानी रुपये की कीमत में भारी गिरावट में छिपी है। डीएपी सर्वाधिक इस्तेमाल होने वाला खाद है, जबकि इसकी उपलब्धता के लिए भारत लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर है। कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने नए साल का पहला फैसला किसानों के हित में लिया है। नरेंद्र मोदी ने कहा- हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। घोषणा के मुताबिक केंद्र ने दो महत्त्वपूर्ण फैसले लिए। सरकार ने डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के आयात के लिए प्रति टन 3,500 रुपये की विशेष सब्सिडी की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया। साथ ही दो फसल बीमा योजनाओं में तकनीक के उपयोग के लिए 824.77 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अब 2025-26 में भी जारी रहेगी। ये फैसला नहीं होता, तो इस योजना के लिए सरकारी सब्सिडी की अवधि अगले मार्च में समाप्त हो जाती। इसके लिए 2021-22 से 2024-25 तक के लिए 66,515 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे। अब 3,045 करोड़ रुपये और आवंटित किए गए हैँ। जहां तक डीएपी के लिए सब्सिडी का सवाल है, तो असल कहानी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में भारी गिरावट में छिपी है। डीएपी सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला खाद है, जबकि इसकी उपलब्धता के लिए भारत लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर है। सरकार ने बाजार में इसकी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) में वृद्धि को फ्रीज कर रखा है। इसलिए रुपये की गिरती की कीमत से आयातकों के लिए इसे मंगवाना घाटे का सौदा बन गया है। तो किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का कुल व्यावहारिक नतीजा यह होगा कि मौजूदा कीमत पर एक साल और डीएपी किसानों को मिल सकेगा,

# संगम में करोड़ों लोग की डुबकी दृश्य अद्भुत

अवधेश कुमार

प्रयागराज त्रिवेणी संगम से आ रहे दृश्य अद्भुत हैं। संपूर्ण पृथ्वी पर भारत ही एकमात्र देश है जहां इस तरह के अद्भुत आयोजन संभव हैं। केवल भारत नहीं, संपूर्ण विश्व समुदाय के लिए यह न भूतो न भविष्यति वाली स्थिति है।

इसलिए नहीं कह सकते कि एक बार जब देश और नेतृत्व अपनी प्रकृति को पहचान कर आयोजन करता है तो वह एक मानक बन जाता है और आगे ऐसे आयोजनों को और श्रेष्ठ करने की प्रवृत्ति स्थापित होती है। यह मानना होगा कि 144 वर्ष बाद पौष पूर्णिमा पर बुधआदित्य योग जिसे, महायोग युक्त कह रहे हैं, उस महाकुंभ का श्री गणोश उसकी आध्यात्मिक दिव्यता के अनुरूप करने की संपूर्ण कोशिश केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने किया है। भारत में दुर्भाग्यवश, राजनीतिक विभाजन इतना तीखा है कि ऐसे महान अवसरों, जिससे केवल भारत और विश्व नहीं संपूर्ण ब्रह्मांड के कल्याण का भाव पैदा होने की आचायरे की दृष्टि है, उसमें भी नकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है। होना यह चाहिए था कि राजनीतिक मतभेद रहते हुए भी संपूर्ण भारत और विशेष कर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक दल ऐसे शुभ और मंगलकारी आयोजन पर साथ खड़े होते, आने वालों का स्वागत करते और संघर्ष, तनाव, झूठ, पाखंड, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा से भरे विश्व में भारत से शांति की आध्यात्मिक सलिला का मूर्त अमूर्त संदेश विस्तारित होता। हमारे देश का संस्कार इतना सुगठित और महान है कि नेताओं के वक्तव्यों की अनदेखी करते हुए करोड़ों लोग अपने साधु-संत, आचायरे के द्वारा दिखाए रास्ते का अनुसरण करते हुए जाति, पंथ, क्षेत्र, भाषा, राजनीति सबका भेद भूलकर संगम में डुबकी लगाते, आवश्यक अपरिहार्य कर्मकांड करते आकषर्क दृश्य उत्पन्न कर रहे हैं, अन्यथा समाजवादी पार्टी और उनके नेता जिस तरह के वक्तव्य दे रहे हैं उनसे केवल वातावरण विषाक्त होता। थोड़ी देर के लिए अपनी दलीय राजनीति की सीमाओं से बाहर निकलकर विचार करिए। क्या स्वतंत्र भारत में पूर्व की सरकारों ने ऐसे अनूठे उत्सव या आयोजन को उसके मूल संस्कारों और चरित्र के अनुरूप भव्यता प्रदान करने, संपूर्णता तक पहुंचाने एवं संपूर्ण विश्व को बगैर किसी शब्द का प्रयोग किए भारत के आध्यात्मिक अनुकरणीय शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए इस तरह केंद्रित उद्यम और व्यवस्थाएं किए थे? इसका ईमानदार उत्तर है, बिल्कुल नहीं।

कहने का तात्पर्य यह नहीं कि पूर्व सरकारों ने कुंभ के लिए कुछ किया ही नहीं। लाखों करोड़ों व्यक्ति और संपूर्ण भारत के सारे संत-संन्यासी-साधू-महंत आचार्य दो महीने के लिए वहां उपस्थित हों तो सरकार के लिए उसकी व्यवस्था और अपरिहार्य हो जाती है। सच यह है कि जिस तरह मोदी सरकार और योगी सरकार ने कुंभ को उसकी मौलिकता के अनुरूप वर्तमान देश, काल, स्थिति के साथ तादात्म्य बिठाते हुए कार्य किया वैसा पहले कभी नहीं हुआ। वास्तव में हमारे शीर्ष नेतृत्व में देश और प्रदेश दोनों स्तरों पर एक साथ कभी ऐसे लोग नहीं रहे जिन्हें महाकुंभ या हमारे धार्मिक- सांस्कृतिक-आध्यात्मिक आयोजनों, मुहूतरे, कर्मकांडों का महत्त्व, इसका आयोजन कैसे, किनके द्वारा, किन समयों पर होना चाहिए ना इसका पूरा ज्ञान रहा और न लेने के लिए कभी इस तरह प्रयत्न हुआ। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी संन्यासी हैं और उन्हें इसका ज्ञान है।

उनके मंत्रिमंडल में भी ऐसे साथी हैं जो इन विषयों को काफी हद तक समझते हैं, जिनकी निष्ठा है। निष्ठा हो और संकल्प नहीं हो तो ज्ञान होते हुए भी साकार नहीं हो सकता। आप योगी आदित्यनाथ के समर्थक हों या विरोधी इन विषयों पर उनकी समझ, निष्ठा व संकल्पबद्धता को किसी दृष्टि से नकार नहीं सकते। जब इस तरह की टीम होती है तभी महाकुंभ, अयोध्या या काशी विनाथ अपनी मौलिकता के साथ संपूर्ण रूप से प्रकट होता है। केंद्र का पूरा मार्गदशर्न और उसके अनुरूप सहायता हो तो समस्याएं नहीं आती। 2017 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद प्रयागराज में ही 2019 में अर्धकुंभ आयोजित हुआ था और वहां से नया स्वरूप सामने आना आरंभ हुआ। पहली बार लोगों ने केंद्र व प्रदेश का संकल्प देखा। 2019 में पहली बार राज्य सरकार ने 2406.65 करोड़ व्यय किया जिसकी पहले कल्पना नहीं थी। इस बार सरकार की ओर से 5496.48 करोड़ रुपये व्यय अभी तक हुआ और केंद्र ने भी इसमें 2100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त सहयोग दिया है। कुंभ के आयोजन के साथ गंगा और यमुना दोनों में शून्य डिस्चार्ज सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है।

सभी 81 नालों का स्थाई निस्तारण सुनिश्चित करने की तैयारी की गई। यह तो नहीं कह सकते कि गंगा, यमुना और त्रिवेणी संगम का जल शत-प्रतिशत शुद्ध और स्वच्छ हो गया,

## युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी

अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता,

## विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी के भीतर खेला

शंकर जालान

%खेला होबे', खेला होबे', यानी खेल होगा, खेल होगा? वाले जिस लोकप्रिय चुनावी नारे के बलबूते तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने 2021 (पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव) और 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा समेत तमाम विरोधी दलों को धूल चटाते हुए चुनावी रण से बाहर का रास्ता दिखाया था, मौजूदा समय में वही %खेला' टीएमसी के भीतर होते दिख रहा है।

बुआ (ममता बनर्जी) और भतीजे (अभिषेक बनर्जी) के बीच इन दिनों जो चल रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि जल्द ही टीएमसी में भी कुछ बड़ा %खेला' होने वाला है।

वैसे कई दफा और कई मुद्दों पर बुआ-भतीजे में मतभेद की खबरें आती रही हैं, लेकिन बीते दिनों अभिषेक के करीबी और विश्वासपात्र माने जाने वाले दो नेताओं (पूर्व सांसद डॉ. शांतनु सेन और अराबुल इस्लाम) को बाहर का रास्ता दिखा कर ममता ने बताने की कोशिश की है कि पार्टी में सर्वेसर्वा केवल वे ही हैं। टीएमसी के कुछ नेता यह जरूर चाहते हैं कि भुआ-भतीजे का विवाद जल्द समाप्त हो जाए लेकिन विपक्ष विशेषकर भाजपा चाहती है कि भुआ-भतीजे के बीच दूरियां जितनी बढ़ेंगी, आगामी विधानसभा चुनाव में जीत उसके उतनी ही करीब होगी। मालूम हो कि 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं।

गत लोक सभा चुनाव में राज्य में मिली करारी हार के बाद भाजपा अभी तक सूबे में अपना संगठन मजबूत नहीं कर पाई है। प्रदेश के भाजपा नेता चाहते हैं कि उनका संगठन चाहे मजबूत हो न हो, लेकिन टीएमसी का संगठन जरूर कमजोर हो जाए। सांगठनिक ताकत के तौर पर वाम मोर्चा और कांग्रेस भी नये सिरे से अपनी शुरु आत के पक्ष में हैं। 2011, 2016 और 2021 में जीत यानी हैट्रिक लगाने वाली टीएमसी अपना घर ठीक से नहीं चला पा रही है। ममता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी की मुखिया हैं, तो अभिषेक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद हैं। सभी जानते हैं कि ममता के बूते ही अभिषेक को पहचान मिली, कई दफा सांसद बनने का मौका मिला और पार्टी में महासचिव जैसा महत्त्वपूर्ण पद भी, लेकिन अब अभिषेक की महत्त्वाकांक्षा और पार्टी में दखलअंदाजी बढ़ गई है, जो ममता को रास नहीं आ रहा। अंदरखाने सूत्रों ने बताया कि इन दिनों भुआ-भतीजे के रिश्ते में पहली वाली मधुरता नहीं है। दोनों के बीच कई बार मतभेद और रार हो चुकी हैं, लेकिन अब लड़ाई सतह पर आती नजर आ रही है। भुआ-भतीजे के मनमुटाव का असर पार्टी की सेहत पर न पड़े, इसे लेकर टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी दो खेमे में बंट गई है। एक खेमा है ममता बनर्जी का, जिसमें वे नेता शामिल हैं, जो टीएमसी के संघर्ष के दिनों से ममता के साथ हैं। दूसरा खेमा है अभिषेक का जिसमें अधिकतर नेता ऐसे हैं जिन्होंने टीएमसी के एक मुकाम पर पहुंचने के बाद %जोड़ाफूल' (टीएमसी का चुनाव चिन्ह) थामा था। ऐसे में टीएमसी नये-पुराने नेताओं में बंटती नजर आ रही है।

## हथेली की इन 3 लकीरों में छिपा है किस्मत का राज, चौथी बताएगी कब भरेगी आपकी तिजोरी

हस्तरेखा विज्ञान में हथेली की रेखाओं को व्यक्ति के भविष्य, व्यक्तित्व और आदतों का आइना माना गया है। ये रेखाएं समय-समय पर बदलती हैं और इनके आधार पर किसी व्यक्ति के जीवन के शुभ और अशुभ पहलुओं का अनुमान लगाया जा सकता है। यहां हम हथेली की 3 महत्वपूर्ण लकीरों के बारे में जानेंगे, जो आपके किस्मत से जुड़ी हैं।

जीवन रेखा

यह रेखा व्यक्ति की आयु, स्वास्थ्य और शारीरिक बल का संकेत देती है। गहरी और स्पष्ट जीवन रेखा का मतलब है अच्छा स्वास्थ्य और दीर्घायु। वहीं, टूटी या कमजोर रेखा तनाव, बीमारियों और दुर्घटनाओं की ओर इशारा करती है।

मस्तिष्क रेखा

मस्तिष्क रेखा आपकी सोचने की क्षमता और बुद्धिमानी का प्रतीक है। लंबी और स्पष्ट रेखा सटीक निर्णय लेने की क्षमता दर्शाती है, जबकि टूटी रेखा उलझन या मानसिक तनाव का संकेत देती है।

## महाकुम्भ मेले में संविधान गैलरी का हुआ उद्घाटन

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 प्रयागराज के अंतर्गत त्रिवेणी मार्ग पर सजाई गई संविधान गैलरी का गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने उद्घाटन किया। मंत्री के साथ उपस्थित अतिथियों ने इस अवसर पर संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। संविधान गैलरी में भारतीय संविधान पर आधारित पुस्तकों और ग्रंथों का एक पुस्तकालय भी सजाया गया है। उद्घाटन समारोह के मौके पर भारतीय सेना के बैंड ने वंदे मातरम समेत कई देशभक्ति गीतों की धुन पर संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जे जे मुनीर उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने की।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने कहा कि संविधान से सारे देश का संचालन होता है। कोई भी समाज संविधान और विधियों के बिना नहीं चलता है। संविधान गैलरी जैसे प्रयासों से नई पीढ़ी को इसके बारे में अवगत कराने में मदद मिलेगी। मुझे आशा है कि ऐसे प्रयत्न आगे भी चलते रहेंगे।

मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विश्वविख्यात समागम में इस गैलरी को आयोजित कर यह प्रयास किया गया है कि मेले में आने वाले लोगों को संविधान के निर्माण, लागू होने और इसके अनुच्छेद के बारे में जानकारी हो। ऑडियो के माध्यम से आप विषय के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सकते हैं। संविधान ऐसा दस्तावेज है, जिससे हमारी पूरी शासन व्यवस्था संचालित होती है। संविधान में संशोधन की प्रक्रिया दी गई है, जिससे समाज की आवश्यकता के अनुसार इसमें संशोधन किया जा सके। हमारी सरकार ने जन भावनाओं के अनुसार इसमें संशोधन किया। एक पार्टी ने लगातार 55 वर्षों तक निजी हितों के लिए संविधान में संशोधन किए। इन लोगों ने संविधान की मूल भावना को बदल दिया। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गौतम ने कहा कि आज कल संविधान की प्रतियां मंच पर खूब लहराई जाती है। उनके घर में संविधान की मूल प्रति भी नहीं होगी। उन्होंने संविधान पढ़ा भी नहीं होगा। इसकी पहली प्रति हाथ से लिखी गई थी। एक प्रति हिंदी में लिखी गई थी और एक प्रति अंग्रेजी में लिखी गई थी। संविधान गैलरी में लगी प्रदर्शनी में चित्रों और प्रतिकृतियों के माध्यम से भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं, दस्तावेजों और व्यक्तित्वों के योगदान के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है। यहां ऑडियो के माध्यम से संविधान सभा की बहसों को प्रस्तुत किया जा रहा है।

## महाकुंभ के बीच 30 जनवरी से शुरू होगी गुप्त नवरात्र जानिए अद्भुत संयोग, उपाय और कलश स्थापना शुभ मुहूर्त

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के मध्य में साधना के लिए माघ मास की गुप्त नवरात्रि का विशेष व अद्भुत संयोग 30 जनवरी गुरुवार से बन रहा है। नव वर्ष की पहली गुप्त नवरात्र है। अभिजीत मुहूर्त बनने के कारण गुप्त नवरात्र विशेष हैं। गुप्त नवरात्र तंत्र साधना के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

गृहस्थ लोग गुप्त नवरात्र पर साधारण रूप से पूजा-अर्चना करते हैं। देवी मां के साधक जरूर विधि-विधान के साथ नौ दिन के व्रत कर मां की आराधना विशेष सिद्धियां प्राप्त करने के लिए करते हैं। बताया कि माघ मास में पड़ने वाली ये गुप्त नवरात्र बेहद खास है। इस बार गुप्त नवरात्रि पर अभिजीत मुहूर्त भी बन रहा है, इससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। गुप्त नवरात्र माता दुर्गा की 10 महाविद्याओं की पूजा गुप्त तरीके से की जाती है। तंत्र-मंत्र साधना के लिए यह नवरात्र सबसे प्रमुख मानी जाती है। माना जाता है कि इस नवरात्र में जो भी मनोकामनाएं माता दुर्गा से मांगी जाती हैं, वह पूर्ण होती हैं। तंत्र मंत्र की सिद्धियां इसी समय होती हैं। खासकर शादी-विवाह की रुकावटों के उपाय इस नवरात्र में सिद्ध होते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ शुक्ल प्रतिपदा तिथि 29 जनवरी बुधवार को शाम छह बजकर पांच मिनट पर शुरू होगी।

## आम आदमी पार्टी की संजीवनी योजना क्या है? यह कब से लागू होगी? इसका लाभ किनको-किनको मिलेगा?

आप की संजीवनी योजना एक मेडिकल स्कीम है, जिसे पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए लॉन्च किया है। यह योजना 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए मुफ्त इलाज प्रदान करेगी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है, जिसे उन्होंने संजीवनी योजना का नाम दिया है। इस योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को मुफ्त इलाज मिलेगा। खास बात यह है कि इस योजना के अंतर्गत होने वाले इलाज पर कोई खर्च सीमा नहीं होगी। इसके अलावा, लाभुकों के इलाज के लिए आय सीमा का कोई बंधन नहीं होगा। इससे साफ है कि इस नई प्रस्तावित योजना के तहत इलाज फ्री, दवाई फ्री, सबकुछ फ्री किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद लोगों को फायदा मिल सके।

हालांकि, यह कोई सरकारी योजना नहीं है, बल्कि सत्तारूढ़ पार्टी %आप% की तरफ से किया गया एक चुनावी वायदा है, जिसे वह चौथी बार सत्ता में आते ही सरकारी अमलीजामा पहनाएगी। दिल्ली प्रशासन ने भी कुछ ऐसे ही संकेत दिए हैं। बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले स्थानीय बुजुर्गों के लिए %संजीवनी योजना% नामक बुजुर्ग स्वास्थ्य योजना की घोषणा की, जो दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले एक बड़ा चुनावी वादा है। इस योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। इसके लिए आय की भी कोई सीमा नहीं रखी गई है। हां, बुजुर्ग व्यक्ति दिल्ली के मूल निवासी हों, यह अनिवार्य बना दिया गया है।

वहीं, इस योजना को लेकर आपके मन में भी तरह-तरह के सवाल पैदा हो रहे होंगे जिनका जवाब यहां देने की कोशिश कर रहा हूँ, जो आप रणनीतिकारों से पूछताछ पर आधारित है। खासकर यह कि इस योजना के तहत इलाज पाने के लिए क्या-क्या करना होगा और किन-किन लोगों को इस योजना में शामिल किया जाएगा। तो आइए इसके बारे में जानते हैं विस्तार से-

आप की संजीवनी योजना एक मेडिकल स्कीम है, जिसे पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए लॉन्च किया है। यह योजना 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए मुफ्त इलाज प्रदान करेगी। कहने का तातपर्य यह कि इस योजना के तहत 60 साल और उससे ऊपर की उम्र के लोग अपना इलाज करा सकते हैं। वहीं, इस योजना में इनकम को लेकर कोई विशेष नियम नहीं बनाया गया है, ताकि सभी वरिष्ठ नागरिकों को बिना किसी आय सीमा के ही मुफ्त इलाज मिलेगा।

जहां तक इस योजना का लाभ प्राप्त करने की बात है तो इसके लिए आपको आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करना होगा, क्योंकि वही लोग घर-घर जाकर इस योजना के लिए पंजीकरण कर रहे हैं। इस संजीवनी योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों को दिल्ली के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। बशर्ते कि वह दिल्ली का मूल निवासी हो। इस संजीवनी योजना के तहत इलाज में होने वाला सारा खर्च शामिल है।

बता दें कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि अगर वो फिर से दिल्ली की सत्ता में लौटे, तो इस योजना को लागू किया जाएगा। इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। खुद आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ही इस योजना की शुरुआत की है। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मर्लिना भी उनके साथ थीं। इस रजिस्ट्रेशन के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लाभार्थियों को एक कार्ड उनके घर जाकर देंगे, जिसे सुरक्षित रखना है। क्योंकि इसी के आधार पर आगे की सभी सरकारी औपचारिकता आप की सरकार बनने के बाद पूरी की की जाएगी। इस योजना का मुख्य आकर्षण यह है कि इसमें इलाज के लिए कोई ऊपरी खर्च सीमा भी नहीं रखी गई है। यानी कि आपके इलाज का सारा खर्च सरकार वहन करेगी, चाहे वह जो भी हो।

इस प्रकार, संजीवनी योजना अन्य योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत योजना से काफी अलग है, क्योंकि इसमें इनकम को लेकर कोई नियम नहीं बनाया गया है। वहीं, यह योजना केंद्र सरकार की योजनाओं से भी स्वतंत्र है और इसका अपना एक अलग ढांचा है जो निकट भविष्य में दिल्ली सरकार खड़ा करेगी। इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन पूरी तरह फ्री है। हालांकि, यह योजना पूरी तरह से केवल दिल्ली प्रदेश के निवासियों के लिए ही है, जिससे यहां रह रहे बाहर के लोगों को भी इसका फायदा नहीं मिलेगा। वहीं, इस योजना के लिए कोई समयसीमा भी नहीं रखी गई है।

वहीं, दिल्ली प्रशासन ने साफ कर दिया है कि दिल्ली सरकार की संजीवनी योजना जैसी कोई योजना नहीं है। बता दें कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने इस बारे में एक नोटिस भी जारी किया है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि अवैध तरीके से संजीवनी योजना के नाम पर पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में वरिष्ठ नागरिकों से आधार और बैंक खाता जानकारी मांगी जा रही है और नकली स्वास्थ्य योजना कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इसलिए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने जनता को सलाह दी है कि वे इस अनाधिकारिक योजना के तहत मुफ्त इलाज के वादों पर भरोसा न करें और अपनी संवेदनशील जानकारी साझा न करें।

खबर है कि दिल्ली प्रशासन के इस खुलासे से लोग असमंजस में हैं। वहीं, आप नेता दावे से कह रहे हैं कि जब वे चौथी बार सत्ता में आएंगे तो इस योजना को प्राथमिकता पूर्वक लागू करेंगे। तब इसी दिल्ली प्रशासन को निर्वाचित सरकार की हर बात माननी पड़ेगी। वैसे तो अभी भी दिल्ली में आप की ही सरकार है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव आचार संहिता से बचने के डर से आप सरकार ने इसकी पूरी फ़ाइल नहीं चलाई। या फिर उसे इस बात का डर रहा होगा कि जब तक उपराज्यपाल की रजामंदी आएगी,

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है।

वृष राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी पुराने दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है।

कर्क राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने सोच और व्यव्हार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं।

कन्या राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा।

मकर राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं,

कुंभ राशि- वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे।



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) अरविंद केजरीवाल को 'खत्म' करने की साजिश रच रही है। उन्होंने दावा किया कि नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल की कार पर हुए कथित हमले में शामिल लोगों में से एक को प्रवेश वर्मा के साथ अक्सर देखा जाता है।एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने दो लोगों की तस्वीर भी जारी की, जिनकी पहचान शैंकी और रोहित त्यागी के रूप में हुई है, उन्होंने कहा कि वे भाजपा के सदस्य हैं और नई दिल्ली विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के करीबी सहयोगी हैं।



# सैफ पर हमले को लेकर उद्धव ने 'सामना' में फडणवीस सरकार को घेरा

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने भी महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस पर सैफ अली खान पर हुए हमले और कानून-व्यवस्था की राज्य में स्थिति को लेकर हमला बोला।

शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में सैफ अली खान पर हुए भीषण हमले को लेकर फडणवीस सरकार पर निशाना साधा गया। मुखपत्र सामना में कहा गया है कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई ही नहीं, बल्कि पूरे महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। सैफ अली खान और उनकी पत्नी करीना कपूर बांद्रा की सबसे सुरक्षित बिल्डिंग में रहते हैं। फिर भी एक व्यक्ति अभिनेता के घर में घुस जाता है और उन पर हमला कर भाग जाता है। इसका मतलब है कि हमलावर सैफ और उनके परिवार से अनजान नहीं था। तो क्या सैफ पर हुए हमले को कानून व्यवस्था से जुड़ा माना जाए? इसे लेकर असमंजस की स्थिति है।

मुखपत्र सामना में यह भी कहा गया है कि विपक्ष ने सैफ पर हमले पर सवाल उठाए तो मुख्यमंत्री फडणवीस ने दो टूक जवाब दिया। फडणवीस ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है। हम दोषी को नहीं छोड़ेंगे। मुंबई को बेवजह बदनाम मत करो। उनका कुल मिलाकर रुख यह है कि मुंबई जैसे शहरों में ऐसी घटनाएं होती हैं, लेकिन मुंबई में ऐसी घटनाएं हर दिन हो रही हैं और किसी को कानून का डर नहीं है।

बैंक धोखाधड़ी और अन्य अपराधों का एक आरोपी फडणवीस के 'सागर' बंगले में आता है और महागठबंधन की जीत के जश्न में फडणवीस को अपने कंधों पर उठा लेता है। फडणवीस उसे पेड़ा खिलाते हैं। वहीं, अपराधी सोशल मीडिया पर एक्टिव गजभाऊ नाम के मराठी व्यक्ति को उठाने की बात करता है और फडणवीस ऐसे दिखावा करते हैं जैसे कुछ हुआ ही न हो।

मुखपत्र सामना में आगे कहा गया है कि मुंबई में जो कुछ हो रहा है, वह महाराष्ट्र की छवि के अनुकूल नहीं है। मुंबई की सड़कों पर बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई। बलात्कार, 'कोयटा गैंग' ने पुणे को आतंकित कर दिया। नागपुर में यौन उत्पीड़न के मामले बढ़ गए हैं। यह सब देखकर क्या फडणवीस के अंदर का गृह मंत्री नहीं जागता? सैफ अली खान पर रहस्यमयी हमला मुंबई की लचर व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है। सैफ के मामले में जो हुआ वह मुंबई की झुग्गी-झोपड़ियों में आए दिन हो रहा है, लेकिन सैफ तैमूर के डैडी हैं इसलिए इस घटना की छुरी हर किसी के दिल में चुभ गई।

मुखपत्र सामना में कहा गया है कि 15 दिन पहले कपूर परिवार और उनके दामाद सैफ पीएम नरेंद्र मोदी से मिले थे। इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने तैमूर के बारे में पूछा था। सैफ मोदी से मिलकर खुश हुए, लेकिन 15 दिन के अंदर ही सैफ पर हमला हो गया। सैफ पर हमले से पीएम मोदी 15 जनवरी को महाराष्ट्र दौरे पर थे। मुखपत्र में कहा गया कि क्या कोई मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री को आतंकित करने की कोशिश कर रहा है? या सैफ पर हमला निजी कारणों से हुआ? बीजेपी वाले पहले से ही सैफ पर 'लव जिहाद' का आरोप लगा रहे थे, लेकिन जैसे ही पीएम मोदी ने खुद सैफ, करीना और तैमूर को आशीर्वाद दिया, 'लव जिहाद' सुखद परिणाम में बदल गया। मंत्री आशीष शेलार खुद सैफ से मिलने अस्पताल गए और सब कुछ ठीक कर दिया, क्योंकि सवाल तैमूर और उसके पिता की सुरक्षा का है। आखिर मुंबई में क्या चल रहा है?

मुखपत्र सामना में पूछा गया कि क्या मुंबई सुरक्षित है? लोगों को एक बार यह समझ लेना चाहिए कि मुंबई की सुरक्षा भगवान भरोसे है। सैफ अली खान पर हमला पुलिस की कार्यकुशलता पर संदेह पैदा करता है।

बता दें कि सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर मुंबई पुलिस अलर्ट पर है। हमले की घटना को 50 घंटे से ज्यादा समय हो चुका है और पुलिस फरार आरोपी को अभी तक पकड़ नहीं पाई है। आरोपी को पकड़ने के लिए मुंबई की लोकल पुलिस और क्राइम ब्रांच ने 40 से ज्यादा टीमें बनाई हैं। मुंबई, ठाणे और पालघर जिले के अलग-अलग इलाकों में आरोपी की तलाश कर रही हैं।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के पांचवें दिन त्रिवेणी संगम के पास एक शिविर में किन्नर अखाड़ा की एक सदस्य तस्वीर के लिए पोज देती हुई।



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का संविधान सुरक्षा सम्मेलन से पहले पटना हवाई अड्डे पर पहुंचने पर समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

# गजेंद्र सिंह शेखावत ने राहुल गांधी पर निशाना साधा, बोले- हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और होते हैं

जोधपुर (आरएनएस)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने महाकुंभ के आयोजन पर भी प्रतिक्रिया दी।

केंद्रीय मंत्री ने जोधपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति और उनके नेतृत्व को लेकर अब वह बेनकाब हो चुके हैं। हिंदी में कहावत है कि हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और होते हैं। उनका चाल चरित्र और चेहरा सबके सामने आ चुका है।

1954 की भगदड़ की घटना को तत्कालीन सरकार के दबाने के सवाल पर गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि 1954 की ही एक घटना नहीं है। आजादी के बाद से इमरजेंसी से लेकर 2014 तक इस पर ग्रंथ लिखे जा सकते हैं कि उन्होंने लोकतंत्र की कैसे हत्या की।

इसके अलावा उन्होंने महाकुंभ के भव्य आयोजन को लेकर देशवासियों को बधाई थी। साथ ही कहा कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन में जिस तरह से व्यवस्थाएं की गई हैं, यह केस स्टडी की तरह आवश्यक है। 45 दिन के इस महाकुंभ के आयोजन में 45 करोड़ से ज्यादा लोग आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहले दिन पूर्णिमा और बाद में मकर संक्रांति के दिन, लगभग इन दो दिनों में पांच करोड़ लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया है, लेकिन इसके साथ-साथ लगभग 15 लाख लोग महाकुंभ में पूरे 45 दिन तक रह करके कल्पवास कर रहे हैं। लगभग इतनी ही बड़ी संख्या साधुओं की है, जो पूरे 45 दिन तक लगभग यहां रहने वाले हैं। लगभग 15 लाख लोग ऐसे हैं जो सफाई कर्मचारी के रूप में विभिन्न व्यवस्थाओं को देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 50 लाख लोग महाकुंभ में स्थाई रूप से निवास कर रहे हैं। बाकी लोग आते हैं और स्नान करके चले जाते हैं। महाकुंभ का आयोजन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तरह से किया गया है वो निश्चित रूप से अनूठा है।

गजेंद्र सिंह शेखावत ने आजादी के बाद पहले कुंभ का जिक्र करते हुए विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इससे पहले 2013 में कुंभ में भगदड़ मची थी और उस समय की तत्कालीन सरकार ने असंवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया था। आजादी के बाद में जब पहले कुंभ का आयोजन किया गया था, उस समय के कुंभ की व्यवस्थाओं को देखें तो तत्कालीन सरकार कुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर किस तरह से उदासीन थी। नेहरू जी के कुंभ में जाने के कारण लोगों ने लिखित रूप से रिपोर्ट किया है कि कुंभ में भगदड़ मची थी, जिसमें 1000 से ज्यादा लोग दिवंगत हुए थे। आज की सरकार हमारी विरासत और संस्कृति का संरक्षण करने वाली सरकार है। निश्चित रूप से इस बार के महाकुंभ की व्यवस्थाएं पहले से बहुत अच्छी और बेहतर हैं।

## पोर्नोग्राफी मामले को लेकर ईडी का खुलासा, राज कुंद्रा दर्ज करा चुके हैं बयान

मुंबई (आरएनएस)। पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी के मुताबिक व्यवसायी और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा महीने भर पहले ही अपना बयान दर्ज करा चुके हैं। पोर्नोग्राफी मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने राज कुंद्रा से बैलार्ड एस्टेट कार्यालय में पूछताछ की थी। कुंद्रा का बयान पिछले महीने दिसंबर में दर्ज हुआ था। ईडी अधिकारी ने पुष्टि की कि एजेंसी से दूसरा समन मिलने के बाद कुंद्रा जांचकर्ताओं के सामने पेश हुए थे। बता दें, पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा को ईडी ने 2 दिसंबर को दूसरा समन जारी किया था। केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें 4 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा था। इससे पहले कुंद्रा को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए पहले ही समन भेजा गया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने ईडी से कुछ अतिरिक्त समय की मांग की थी, जिसे ईडी ने स्वीकार करते हुए उन्हें 4 दिसंबर तक का समय दिया था। मामले में ईडी ने व्यावसायी राज कुंद्रा, अभिनेत्री गहना वशिष्ठ समेत कई संदिग्धों को समन भेजा था। इन सभी को ईडी के समक्ष जांच के लिए पेश होने का आदेश दिया गया था। ईडी के अधिकारियों ने हाल ही में जुहू स्थित राज कुंद्रा के आवास पर तलाशी के बाद इन सभी को समन जारी किया था।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रा%य मंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में डीआरडीओ भवन में एक स्मरणोत्सव समारोह के दौरान।

## आरोपी पर भड़कीं राखी सावंत, करीना के लिए चिंता तो सैफ को बताया 'रियल हीरो

मुंबई (आरएनएस)। फिल्म इंडस्ट्री में 'ड्रामा क्वीन' के नाम से मशहूर अभिनेत्री राखी सावंत ने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में राखी ने सुरक्षा को लेकर बात की और सैफ को रियल हीरो बताया।

एक वीडियो में राखी सावंत ने हाई प्रोफाइल बिल्डिंग की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किए। राखी सावंत ने बताया कि वह एक वक्त पर सैफ अली खान के साथ काम कर चुकी हैं और उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक्टर के साथ इतनी बड़ी घटना हो जाएगी। बिल्डिंग में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे न होने को लेकर भी राखी ने सिक्योरिटी टीम को घेरा और कहा, इतने पैसे चार्ज करते हैं और सिक्योरिटी कैमरा तक नहीं लगा सकते।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर वीडियो को शेयर कर कहा, हैलो, दोस्तों! मैं अभी दुबई में हूं और मुझे सैफू (सैफ अली खान) पर हुए हमले के बारे में पता चला। मैं यह जानकर हैरान हूं कि ये कैसे हो गया। ये बुरी खबर है। मैं सैफ के साथ काम कर चुकी हूं। मैं सपने में भी नहीं सोच सकती कि सैफ के साथ ये घटना हो गई।

## कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप, मामला दर्ज

सीतापुर (आरएनएस)। सीतापुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सीतापुर के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि सीतापुर कोतवाली में एक पीड़िता ने 15 जनवरी को एक प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें बताया गया है कि कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने चार वर्षों से शादी का झांसा देकर और राजनीतिक करियर में सहायता देने के नाम पर पीड़िता का बलात्कार किया है।

पीड़िता ने अपने कथन के समर्थन में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और अन्य कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराई है। पुलिस ने गहनता से अध्ययन किया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी की तरफ से लगातार धमकी दी जा रही है। पीड़िता और अभियुक्त सजातीय हैं। उन्होंने बताया कि उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर सीतापुर नगर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। विवेचना के क्रम में साक्ष्य का संकलन कराया जा रहा है। पीड़िता का मेडिकल और न्यायाधीश के समक्ष बयान भी दर्ज कराया गया है। न्यायाधीश के सामने पीड़िता ने अपनी घटना की पुष्टि की है। विधिक कार्यवाही की जा रही है। पीड़िता को उचित सुरक्षा भी प्रदान की जा रही है। ज्ञात हो कि राकेश राठौर 2017 के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में सीतापुर से चुने गए थे। मई 2021 में, उनकी निजी बातचीत के कई ऑडियो लीक हुए थे, जिसमें वह सरकार की कड़ी आलोचना कर रहे थे, खासकर कोरोना महामारी की प्रतिक्रिया पर। साथ ही पार्टी के भीतर जातिवादी रुझान की भी शिकायत कर रहे थे। भाजपा का दामन छोड़ने के बाद राकेश राठौर ने सपा का रुख कर लिया।

## हिमाचल के राज्यपाल बोले 144 साल बाद आया ऐसा महाकुंभ, सभी से की जाने की अपील

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला शनिवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले हनुमानगढ़ी में माथा टेका और फिर राम लला का दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 144 साल बाद इस महाकुंभ का अवसर आया है, सभी को जाना चाहिए।

इस मौके पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि व्यक्ति जब पूजन दर्शन के लिए आता है तो बड़े शुद्ध मन से आता है। मैं भी शुद्ध मन से आया हूं कि राष्ट्र हमेशा बढ़ता रहे, यह हनुमान जी से प्रार्थना है। हनुमान जी से अधिक राष्ट्र को बढ़ाने में कोई उपयुक्त नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि मैं भी महाकुंभ में जाऊंगा क्योंकि 144 वर्षों बाद आया है। स्वाभाविक है कि इस बार के बाद संभव नहीं होगा कि यह अवसर मिल सके। सबको कुंभ में जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका पूजन करके शुरुआत की थी।



सिंगापुर गणरा%य के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने ओडिशा के भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की.




आर.के.पुरम विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार परमिला धीरज टोकस आगामी रा%य विधानसभा चुनाव से पहले अपने अभियान के दौरान.

# अनिल विज की पटवारियों से अपील - लोगों का काम किया करें और भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए

अंबाला (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यमुनानगर में 800 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट स्थापित होने के सारे रास्ते साफ हो गए हैं और इस बारे में मैंने कल ही पर्यावरण मंत्री से बात की थी और उम्मीद है कि उनकी चिट्ठी आ गई होगी, अगर आज उनकी चिट्ठी आ गई होगी तो आज ही हम एजेंसी को अपना काम आरंभ करने की चिट्ठी जारी कर देंगे। इसके अलावा, उन्होंने बिजली की दरों में सरचार्ज को बढ़ाने के संबंध में साफ करते हुए कहा कि हरियाणा में किसी भी प्रकार का बिजली सरचार्ज नहीं बढ़ाया गया है बल्कि पिछले साल का जो सरचार्ज था उसे ही कंटिन्यू किया गया है।

विज आज अम्बाला छावनी में साईकल ट्रैक, चारदीवारी, स्ट्रीट लाईटों के साथ-साथ कैपिटल चौक पर पार्क व फव्वारे का उद्घाटन करने के उपरांत हुड्डा द्वारा दिए गए बिजली के पावर प्लांट को लगाने और बिजली के सरचार्ज को बढ़ाने के बयान के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। सरचार्ज को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह चिट्ठी पढ़ते नहीं है, वह पिछले साल की चिट्ठी है। उन्होंने कहा कि जो पिछले साल सरचार्ज था, वही जारी रहेगा। श्री विज ने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि लेकिन यह (विपक्ष) तो बयान बहादुर है और फटाफट जो कोई चिट्ठी देखी और बयान दे दिया। उन्होंने विपक्ष को समझाते हुए कहा कि पहले पढ़ तो लो सारी चिट्ठी कि उसमें क्या लिखा हुआ है, जबकि उसमें कंटिन्यू लिखा हुआ है नया कोई सरचार्ज नहीं लगाया गया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली प्रकरण के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मोहनलाल जी ने कहा है कि मैं निर्दोष हूं और जो गवाह थी उसने भी कहा कि मैं निर्दोष हूं और मुझे पूरा भरोसा है कि हिमाचल पुलिस की जांच में वे निर्दोष साबित होंगे। लेकिन जब तक हिमाचल की पुलिस उनको (मोहन लाल बडोली) निर्दोष साबित नहीं कर देती तब तक पार्टी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए उनको (मोहन लाल बडोली) इस पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। भ्रष्ट पटवारियों के नाम जारी होने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने कुछ किया है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने डाटा एकत्रित किया है और इसके लिए मैं सरकार को साधुवाद देता हूं कि सरकार ने इस डाटा को एकत्रित किया है।



कई बॉलीवुड हस्तियों ने सोशल मीडिया पर सैफ अली खान पर हमले पर प्रतिक्रिया देने से परहेज किया है, राखी सावंत ने इस घटना पर हैरानी जताते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लंबा वीडियो शेयर किया है, जिसमें मुंबई जैसे शहर के पॉश इलाकों में आलीशान इमारतों में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं।



# एक्टिंग के बाद अब म्यूजिक में दमखम दिखाएगी काजोल सोलंकी



काजोल सोलंकी एक बेहतरीन मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट और मॉडल है। हाल ही में इन्हें वड़ोदरा में निधि फाउंडेशन की ओर से ब्यूटी सेलिब्रिटी आवर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड इन्हें मशहूर टीवी अभिनेत्री रुपाली गांगुली के हाथों मिला। अहमदाबाद में सम्पन्न हुए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी काजोल सम्मानित हुई हैं। यह अवार्ड इन्हें महाभारत में द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले एक्टर सुरेंद्र पाल के हाथों प्राप्त हुआ।

काजोल बेहद मेहनती और प्रतिभावान है। उन्होंने बताया कि वह एक के बाद एक ऐसे विशेष अवार्ड मिलने से बेहद प्रसन्न और उत्साहित है। काजोल सोलंकी ब्यूटी पार्लर और मेकअप का काम बेहद पसंद है। अप एक्टिंग के बाद अब म्यूजिक में दम कम दिखाएंगे काजल सोलंकी ने दम पर इन्होंने अपने हुनर को संवारा और आज वह कई मॉडल्स का मेकअप और हेयर स्टाइल का काम करती है। यह काम करते हुए वह इतनी पारंगत हो गई कि उन्होंने खुद मॉडलिंग शुरू कर दिया। हॉल ही में वियतनाम में इन्होंने रैम्प वॉक किया, साथ ही कई शो में वह रैम्प वॉक कर चुकी हैं। अब वह अभिनय में भी आ रही हैं, जनवरी माह में उनकी म्यूजिक वीडियो लॉन्च होने वाली है।

काजोल सोलंकी अहमदाबाद की रहने वाली है। इन्हें इनके परिवार का प्यार और सपोर्ट दोनों मिला है। जिन्हें ट्रेवलिंग और ट्रेकिंग करना पसंद है। भगवान शिव में इनकी बड़ी आस्था है और यह सारे ज्योतिर्लिंग और शिव जी के स्थानों का दर्शन करना चाहती हैं। इस कड़ी में वह आठ ज्योतिर्लिंग, पशुपति नाथ और कई मंदिरों का दर्शन कर चुकी हैं। वह अपनी गुरु गिरिजा पटेल का बहुत सम्मान करती हैं, जिन्होंने मेकअप और हेयर स्टाइल सिखाया। वह बॉलीवुड में अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की बहुत बड़ी फैन है। काजोल अपने बड़े भाई को अपना आदर्श मानती है। उनके बड़े भाई हमेशा काजोल का मार्गदर्शन करते हैं और हर परिस्थिति में साथ देते हैं।

## शाहिद कपूर की फिल्म देवा का पहला गाना भसड़ मचा रिलीज, मीका सिंह ने लगाए सुर

अभिनेता शाहिद कपूर पिछले कुछ समय से फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। इसे लेकर दर्शकों का उत्सह तभी बढ़ गया था, जब फिल्म से शाहिद की पहली झलक सामने आई थी।

पिछले दिनों देवा का टीजर रिलीज हुआ, जिसे देख फिल्म की रिलीज को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया।

शाहिद के प्रशंसकों ने पहले ही इस फिल्म को ब्लॉकबस्टर बता दिया है।

अब देवा का पहला गाना भसड़ मचा भी रिलीज हो गया है।

फिल्म के गाने में शाहिद के साथ-साथ लीड हीरोइन पूजा हेगड़े ने ऐसा धमाकेदार डांस किया है, जिसे देखकर आप भी खुद को थिरकने से रोक नहीं पाएंगे।

# पलक तिवारी के लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल, पिंक आउटफिट में एक्ट्रेस ने जमकर दिए पोज

किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका कातिलाना लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक बार फिर से अपनी हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो जल्दी ही वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट लुक देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस पलक तिवारी ने पिंक कलर का ऑफ शोल्डर आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही बोल्ड एंड ब्यूटिफुल नजर आ रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।



बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका कातिलाना अवतार दिखते ही इंटरनेट पर तबाही मच जाती है। बताते चलें पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो उनका हर एक स्टाइल लोग अच्छे से फॉलो करते हैं।

## फिल्म राजाकार 24 जनवरी को ओटीटी पर होगी रिलीज, अहा प्लेटफॉर्म पर होगी स्ट्रीम

तेलुगू ऐतिहासिक ड्रामा राजाकार: द साइलेंट जेनोसाइड ऑफ हैदराबाद 24 जनवरी, 2025 से अहा पर ओटीटी रिलीज होने जा रही है. इस फिल्म का निर्देशन यता सत्यनारायण ने किया है और यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हैदराबाद के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं को दर्शाती है. पहले इसे जी5 पर डिजिटल रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब इसे अहा पर स्ट्रीम किया जाएगा. यह फिल्म दर्शकों को पोस्ट-पोंगल एंटरटेनमेंट का एक बेहतरीन विकल्प प्रदान करेगी. फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को हैदराबाद राज्य की राजनीतिक उथल-पुथल में डुबो देता है, खासकर 1947 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद के घटनाक्रमों में. फिल्म में निज़ाम के प्रति वफादार एक पैरा-मिलिट्री ग्रुप राजाकार और उनके खिलाफ उठ खड़े प्रतिरोध आंदोलनों को दिखाया गया है. ऑपरेशन पोलो से जुड़े घटनाक्रमों और आम जनता की कठिनाइयों के बारे में यह फिल्म गहरी जानकारी देती है. इस फिल्म का निर्माण गुडुर नारायण रेड्डी द्वारा समरवीर क्रिएशन एलएलपी के तहत किया गया है. फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में बॉबी सिम्हा, तेज़ सप्रू, मकरंद देशपांडे, राज अर्जुन और वेधिका जैसे कलाकार हैं. इसके अलावा, फिल्म की सिनेमैटोग्राफी कुशेंदर रमेश रेड्डी ने की है, जबकि संपादन तम्मिराजू ने किया है, जो फिल्म के दृश्य और कथा को बेहद प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करते हैं. फिल्म को लेकर समीक्षाएँ मिली-जुली रही हैं. कुछ आलोचकों ने इसके साहसिक कहानी कहने की तारीफ की, वहीं कुछ ने ऐतिहासिक तथ्यों की सटीकता पर सवाल उठाए. फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन मध्यम रहा, लेकिन इसके विवादास्पद विषय ने दर्शकों और आलोचकों के बीच बहस को जन्म दिया. आईएमडीबी पर फिल्म को 7.9/10 की रेटिंग मिली है, जो दर्शकों के बीच इसके प्रभाव को दर्शाती है. अगर आप भारतीय इतिहास में रुचि रखते हैं, खासकर हैदराबाद राज्य की राजनीतिक उथल-पुथल और स्वतंत्रता संग्राम के समय की घटनाओं को जानने में, तो यह फिल्म आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है.

# अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2: द रूल रीलोडेड पर बिग ऑफर, 20 मिनट एक्स्ट्रा वर्जन को सिनेमा डे पर 112 रु में देखें

पुष्पा 2: द रूल, जिसमें अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में हैं, भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा ब्लॉकबस्टर बन चुकी है, जिसने रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. निर्देशक सुकुमार की बेहतरीन निर्देशन क्षमता, अल्लू अर्जुन का दमदार प्रदर्शन और रश्मिका मंदाना की प्रभावशाली अदाकारी ने इस फिल्म को सांस्कृतिक प्रतीक बना दिया है.

फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में पुष्पा 2 का एक रिलोडेड संस्करण का एलान किया है, जिसमें 20 अतिरिक्त मिनट के अनन्य नए दृश्य शामिल हैं. यह नया संस्करण 17 जनवरी से सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा. इसके साथ ही, निर्माताओं ने यह भी घोषणा की है कि प्रशंसक इस इंडस्ट्री हिट फिल्म को उत्तर भारत में मात्र 112 रुपये की किफायती कीमत पर देख सकते हैं, जो सिनेमा प्रेमियों के लिए एक शानदार ट्रीट साबित होगी.

निर्माताओं ने इस खबर को शेयर करते हुए लिखा, सिनेमा प्रेमी दिवस मनाएं पुष्पा 2: द रूल रिलोडेड वर्जन के साथ, 17 जनवरी से, भारतीय सिनेमा की इस इंडस्ट्री हिट को उत्तर भारत में सिर्फ ?112 की किफायती कीमत पर देखें. वहीं, पूरे निजाम में मल्टीप्लेक्स में यह दाम 150 रुपये है.

पुष्पा 2: द रूल का यह रिलोडेड संस्करण, जिसमें 20 अतिरिक्त मिनट के फुटेज जोड़े गए हैं, अधिक दर्शकों को सिनेमाघरों की ओर आकर्षित करेगा. टिकट की कीमत में की गई कटौती इसे और भी अधिक सुलभ बनाएगी, जिससे सिनेमाघरों में भारी भीड़ जुटने की संभावना है. यह फिल्म अब बॉक्स ऑफिस पर अपनी रफ्तार बनाए रखते हुए भारतीय फिल्म निर्माण के इतिहास में एक ऐतिहासिक सफलता के रूप में अपनी जगह पक्की करेगी. पुष्पा 2: द रूल के निर्देशक सुकुमार हैं और इसमें अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं. फिल्म का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है, जबकि इसका संगीत टी-सीरीज़ पर है. यह फिल्म 5 दिसंबर 2024 को रिलीज़ हुई थी. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 ने अपनी रिलीज के 42वें दिन यानी छठे बुधवार को 1 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,224 करोड़ रुपये हो गया है।

**बॉक्स ऑफिस पर सोनू सूद की फतेह का हाल-बेहाल, 6 दिन में कमाए इतने करोड़ रुपये**

सोनू सूद आजकल फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में उनके काम की खूब तारीफ हो रही है, वहीं इसने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन भी ठीक-ठाक किया है। हालांकि, इसके बाद से ही फिल्म के कारोबार में गिरावट देखने को मिली है। अब फतेह की कमाई के छठे दिन के भी आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।

## बॉक्स ऑफिस पर गेम चेंजर की कमाई में भारी गिरावट, छठे दिन का कारोबार रहा सबसे कम

राम चरण और कियारा आडवाणी की पैन-इंडिया फिल्म गेम चेंजर को सिनेमाघरों में रिलीज का एक सप्ताह पूरा जा रहा है। हालांकि, हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है।

इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। यह पहले दिन से ही दर्शकों के लिए तरस रही है।

आइए बताते हैं फिल्म ने रिलीज के छठे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, गेम चेंजर ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को 6.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 112.65 करोड़ रुपये हो गया है। गेम चेंजर ने 51 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर बेहतरीन शुरुआत की थी,

# डार्क चॉकलेट खाने से मधुमेह का खतरा कम हो सकता है, लेकिन दूध से नहीं

एक दीर्घकालिक अमेरिकी अध्ययन के अनुसार, सप्ताह में पांच बार डार्क चॉकलेट खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है, न कि दूध वाली चॉकलेट।



बीएमजे में प्रकाशित, शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि दूध वाली चॉकलेट का अधिक सेवन, लेकिन डार्क चॉकलेट का नहीं, दीर्घकालिक वजन बढ़ने से जुड़ा था।

चॉकलेट में फ्लेवेनॉल्स (फलों और सब्जियों में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक यौगिक) की उच्च मात्रा होती है, जो हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और मधुमेह के जोखिम को कम करने में सहायक होता है।

लेकिन असंगत परिणामों के कारण चॉकलेट के सेवन और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम के बीच संबंध विवादास्पद बना हुआ है।

इसके अतिरिक्त, अधिकांश पिछले अध्ययनों में यह नहीं देखा गया कि डार्क और मिल्क चॉकलेट - जिनमें कोको, दूध और चीनी की मात्रा अलग-अलग होती है - खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम पर अलग-अलग प्रभाव पड़ सकता है या नहीं।

इस पर आगे अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ताओं ने महिला नर्सों और पुरुष स्वास्थ्य पेशेवरों पर किए गए तीन दीर्घकालिक अमेरिकी अवलोकन अध्ययनों के आंकड़ों को संयुक्त किया, जिनमें भर्ती के समय मधुमेह, हृदय रोग या कैंसर का कोई इतिहास नहीं था।

उन्होंने 25 वर्षों की औसत निगरानी अवधि में 192,208 प्रतिभागियों के लिए टाइप 2 मधुमेह और कुल चॉकलेट उपभोग के बीच संबंधों का विश्लेषण किया, तथा 111,654 प्रतिभागियों के लिए चॉकलेट उपप्रकार (डार्क और दूध) उपभोग का विश्लेषण किया।

सम्पूर्ण चॉकलेट के विश्लेषण में 18,862 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।

व्यक्तिगत, जीवनशैली और आहार संबंधी जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, लेखकों ने पाया कि जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार किसी भी प्रकार की चॉकलेट खाते हैं, उनमें टाइप 2 मधुमेह की दर उन लोगों की तुलना में 10 प्रतिशत कम देखी गई, जो कभी-कभार या कभी भी चॉकलेट नहीं खाते थे।

चॉकलेट उपप्रकारों के विश्लेषण से पता चला कि 4,771 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।

समान जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार डार्क चॉकलेट खाते थे, उनमें टाइप 2 मधुमेह का जोखिम 21 प्रतिशत कम हो गया, लेकिन दूध चॉकलेट के सेवन के साथ कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया।

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि डार्क चॉकलेट की प्रत्येक अतिरिक्त साप्ताहिक खुराक से टाइप 2 मधुमेह का खतरा 3 प्रतिशत कम हो जाता है।

शोधकर्ताओं ने कहा, निष्कर्षों की पुष्टि करने और डार्क चॉकलेट के सुरक्षात्मक प्रभाव के कारणों की पहचान करने के लिए नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता है।

# केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते हैं ये संकेत, भूलकर न करें इग्नोर

एक अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 17.9 मिलियन लोग दिल की बीमारी से मर जाते हैं. इसमें से करीब 85त्न लोग दिल का दौरा पड़ने या फिर स्ट्रोक आने की वजह से दम तोड़ देते हैं. यूं तो ये बात कई शोध में साबित हो चुकी है कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में दिल का दौरा पड़ने का खतरा ज्यादा होता है. लेकिन बीते कुछ सालों में महिलाओं में भी ये समस्या बढ़ती जा रही है. हार्ट अटैक के ज्यादातर लक्षण महिला और पुरुष में एक जैसे होते हैं. लेकिन क्या आपको पता है केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते कुछ संकेत बिल्कुल अलग होते हैं. क्या हैं वो संकेत, आइए जानते हैं इसके बारे में.



महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के लक्षण

महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने पर पुरुषों की तरह कई बार सीने में तेज दर्द नहीं होता है. बल्कि उन्हें कुछ हल्के संकेत ही दिखाई दे सकते हैं. जैसे कई बार महिलाओं को सीढ़ियां चढ़ते समय सीने में दर्द जैसा महसूस होता है या फिर हल्के काम करने के बाद भी सांस लेने में तकलीफ होती है. डॉ. राजीव सेठी बताते हैं कि ऐसा अगर आपके साथ बार-बार हो रहा है तो इसे नजर अंदाज न करें.

दिल की बीमारी होने पर महिलाओं में दिखते हैं ये संकेत

चक्कर आना
निचली छाती में दर्द
ऊपरी पेट में दर्द
अत्यधिक थकान
सांस की तकलीफ
मतली/उल्टी
पीठ या जबड़े में दर्द

महिलाएं हार्ट अटैक से कैसे करें बचाव?

महिलाओं को समय-समय पर अपना हेल्थ चेकअप कराते रहना चाहिए. कोई भी लक्षण लंबे समय तक दिखने पर चिकित्सक से परामर्श जरूर करें. मेनोपॉज के दौरान महिलाओं को ज्यादा सावधान रहना चाहिए. हेल्दी डाइट अपनाएं और रोजाना एक्सरसाइज जरूर करें. रात में देर तक जागने की बजाय जल्दी सोएं.

## शब्द सामर्थ्य -300


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 299 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कुण्डम चौकी बघराजी में रात्रि मे दौरान इलाका भ्रमण के पानी की टंकी के पास एक बिना नम्बर का ट्रेक्टर आयसर कम्पनी का जिसमें लाल रंग की ट्राली लगी हुयी थी ट्राली मे रेत भरी हुयी चांदनी चौक तरफसे आ रही थी। उक्त टेऊक्टर को रूकवाकर चालक से नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम दस्सी कोल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम प्रेमनगर बघराजी बताया जिससे रेत की रायल्टी के संबंध में पूछने पर नही होना बताया तथा टेऊक्टर मालिक बघराजी निवासी शरद साहू के कहने पर ग्राम देवरी से रेत भरकर ग्राम बघराजी ले जाना बताया

## मां मलखम परिवार की अनोखी पहल

# रक्त दान एवं स्वास्थ्य शिविर के साथ शुरू हुआ भोलेनाथ जी के स्थापना दिवस का 4 दिवसीय कार्यक्रम









जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। -मां मलखम मंदिर प्रांगण साठिया कुआं में 22 जनवरी को भगवान भोलेनाथ जी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आज से 4 दिवसीय विविध कार्यक्रम का आयोजन रक्त दान एवं स्वास्थ्य परीक्षण के साथ शुरू हुआ। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया, एवं भाजपा नेता मुकेश यादव, राहुल रजक, एवं मां मलखम परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति गारिमापूर्ण रही।

रक्तदान शिविर का आज आयोजन हुआ, जिसमें जिला चिकित्सालय विक्टोरिया जबलपुर की ब्लड बैंक टीम द्वारा 26 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस शिविर में दंत व नेत्र के 250 से अधिक लोगों का परीक्षण एवं शुगर, ब्लड प्रेशर के 300 से ज्यादा लोगों का परीक्षण किया गया। शिविर में मोतियाबिंद के 2 आपरेशन के लिए जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में भेजा गया।



**आज रामचरित अखंड मानस पाठ,मंगलवार को समापन होगा**





शिविर का आयोजन 19 जनवरी को समुदायिक भवन परिसर में किया गया। शिविर में 600 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

इसी संबंध में आज 20 जनवरी सोमवार को श्री रामचरित अखंड मानस पाठ,21 मंगलवार को मानस पाठ का समापन एवं शाम 6 बजे से मानस संकीर्तन मंडल द्वारा भजन कीर्तन,22 बुधवार को महादेव जी का रुद्राभिषेक महाआरती पश्चात महाप्रसाद वितरण होगा ।इस अवसर पर मां मलखम परिवार नं.5 द्वारा समस्त क्षेत्रीय जनों से उक्त समस्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### कुंवर लक्ष्मीचंद जी स्मृति दिवस पर विविध कायक्रमों का आयोजन

# अंजना, सपना, अंशुल, स्मिता और श्रेया को मिला गोल्ड मेडल






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नारी शिक्षा की दूरगामी सोच को धरातल पर उतारने के लिए कुंवर लक्ष्मीचंद जी को सदैव याद किया जाएगा जिन्होनें शिक्षा के साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया। उक्त बांतें हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार हॉल में आयोजित कुंवर लक्ष्मीचंद जी स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने कहीं। इस अवसर पर दि नीड ऑफ एक्वीजीशन इंग्लिश लैंग्वेज इन प्रजेंट पर्सपेक्टिव विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि और वक्ता सेंटर ऑफ ट्रेनिंग, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन, गांधीनगर गुजरात के डायरेक्टर डॉ कल्पेश कुमार पाठक ने कहा कि विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भाषा होती है। किसी भी भाषा को सीखने के लिए व्याकरण ज्ञान की अपेक्षा व्यवहारिक ज्ञान जरूरी है। रटना या अनुवाद करने से ज्यादा महत्वपूर्ण उसे समझना होता है। एक शिक्षक ही बेहतर तरीके से प्रगतिशील देश और समाज का निर्माण कर सकता है। उन्होनें कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए एक महत्वाकांक्षी, साहसिक और परिवर्तनकारी एजेंडा तैयार करने की जरूरत है और शिक्षा के बिना विकसित भारत 2047 की लक्ष्य पूर्ति संभव नहीं है।

अतिथियों द्वारा प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023-25 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर अंजना कुमारी सिंगरौल, कोमल कनोजिया, निखत खान, द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2023-25 में सपना काछी, कीर्ति चौबे, कोमल कनोजिया, तृतीय सेमेस्टर सत्र 2022-24 में अंशुल नायक, स्मिता द्विवेदी, श्रेया अवस्थी, मुस्कान ठाकुर, चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2022-24 श्रेया अवस्थी, वैष्णवी दुबे, राधिका सोनी, स्मिता द्विवेदी को गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ तृप्ति श्रीवास्तव की पुस्तक वर्तमान समाज में भारतीय महिलाएं का विमोचन भी किया गया। पुस्तक में समाज और देश में महिलाओं की बदलती भूमिकाओं का तुलनात्मक और क्रियात्मक वर्णन किया गया है। इस मौके पर हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्यनिरंजन खंपरिया, उप सभापति सुनयना पटेरिया, महाविद्यालय के शासी निकाय कार्यकारी अध्यक्ष एड अशोक कुमार गुप्ता, चेयरमेन, बोर्ड ऑफ स्टडीज, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, रादुविवि प्रो निवेदिता पॉल, प्राचार्य डॉ सुलक्षणा त्रिपाठी, उप प्राचार्य डॉ तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ निरूपमा पाठक, डॉ अलका श्रीवास्तव, डॉ रश्मि शुक्ला, डॉ निधि माथुर, जया सामदेकर, निवेदिता यादव, ज्योति शर्मा, नितिन साहू, शाष्वत गुप्ता, प्रेमलता चैबे, विजय दहायत, सुधा चैधरी सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, उप प्राचार्य और स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।

# हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट निशुल्क माघ मास कल्पवास 10 वे वर्ष का 6 वा दिन




**2 फरवरी को होगा सुहागले एवं गोद भराई**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में निशुल्क माघ मास कल्पवास 10 वे वर्ष के 6 वें दिन भागवताचार्य पं मनमोहन दुबे ने कहा आत्मबोध एवं आत्म उत्थान की साधना माघ मास कल्पवास है तपस्या करने से पूरा कुल का उद्धार होता है

आज से 10 वर्ष से पहले चालू हुआ कल्पवास में सुबह चाय नाश्ता दोपहर भोजन रात्रि भोजन रहने की व्यवस्था सभी आश्रम के द्वारा निशुल्क है 19 जनवरी रविवार को प्रात: 9:00 बजे से 11:00 बजे तक संकीर्तन का आयोजन होगा उसके बाद महाआरती के साथ भोजन प्रसादी का आयोजन होगा

2 फरवरी प्रात: 9:00 बजे गोद भराई एवं सुहागानों का आयोजन होगा

उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल कल्पवास प्रमुख पप्पू चौबे कल्पवास सह प्रमुख श्याम मनोहर पटेल प्रशासनिक प्रमुख विनोद दीवान छप्पन भोग प्रमुख मनोज गुलाब बनी सुहागले एवं गोद भराई प्रमुख सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा मोहित तिवारी आदि ने उपस्थित की अपील की है

# कलेक्टर सक्सेना ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर दिये आवश्यक निर्देश





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, श्री नाथूराम गौंड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा बटांकन, फार्मर रजिस्ट्री, आरओआर आधार लिंकिंग की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजस्व महाभियान की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि कार्यालयीन कार्य सुविधा की दृष्टि से तहसील कार्यालय में कुछ पटवारियों को दायित्व दिया जाये, जिससे इस दिशा में प्रगति तेजी से हो सके। उन्होंने रांझी में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने के प्रकरण पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिये। साथ ही कहा कि जहां-जहां ज्यादा शिकायतें आ रही हैं वहां शिकायत आने के कारणों की जांच भी की जाये। बैठक के दौरान तहसीलवार आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा भी की गई। राजस्व अधिकारियों से अन्य मुद्दों पर चर्चा के दौरान कहा कि धान उपार्जन पर निगरानी रखें, कहीं भी गड़बड़ी की स्थिति न बने, लापरवाही व गड़बड़ी करने वालों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करायें। मूंग उपार्जन के भुगतान के लिये गठित जांच दल के कार्यवाहियों के संबंध में भी चर्चा कर इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये, ताकि भविष्य में किसानों के साथ धोखाधड़ी या छलावा न हो।

# 09 माह में गंदगी फ़ैलाने वालों से 30 लाख 55 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।

रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसंबर तक में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 17050 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 30 लाख 55 हजार 245 रूपये जुर्माना वसूला गया। अकेले दिसम्बर माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1859 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 03 लाख 97 हजार 420 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जाता है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं। स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें। गंदगी करने वालों के विरुद्ध आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# निक्षय शिविर अभियान के अंतर्गत केंद्रीय जेल के सभी कैदियों की हुई जाँच



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। क्षय उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दीपक सक्सेना तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में और जिला क्षय अधिकारी डॉ संतोष सिंह ठाकुर की निगरानी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस केन्द्रीय कारागार जबलपुर में निरंतर एक सप्ताह तक कैदियों एवं कार्यरत जेल कर्मचारियों की टीबी जाँच हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजय पाण्डेय के कुशल समन्वय से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। एक सप्ताह तक निरंतर चले इस शिविर में लगभग 3 हजार 500 कैदियों एवं जेल में कार्यरत कर्मचारियों का पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के द्वारा एक्स रे किया गया एवं संभावित कैदियों को ट्रू नाट जांच हेतु फाल्कन ट्यूब दिया गया। शिविर के सफल आयोजन में जेल चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मण शाह, जिला कार्यक्रम समन्वयक सुनील शर्मा एवं पीएमडीटीसीओ सीमांत ढिमोले का सराहनीय योगदान रहा।

केंद्रीय जेल जबलपुर के पूर्व सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत सिहोरा जेल में भी सीबीएमओ डॉ अर्शिया खान के नेतृत्व में जेल के शत प्रतिशत कैदियों एवं कर्मचारियों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी शहपुरा जतेन्द्र पाटकर ने बताया कि ग्राम ठूठा में झगड़े की सूचना पर पहुँची पुलिस को सूचना मिली कि एक लडका ग्रे कलर का लोवर एवं सफेद कलर वाली टी शर्ट पहने हुये अपने लोवर की दाहिने जेब में देशी कट्टा रखे हुये था जिसकी मूठ जेब से बाहर निकली हुयी दिख रही है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई ग्राम ठूठा सुमित यादव के खेत के पास मुखबिर के बताये हुलिये का लड़का दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा जिसने नाम पता पूछने

# जबलपुर में टीबड़े वाला मार्केट में लगी भीषण आग, तीन को रेस्क्यू कर निकाला गया

## करमचंद चौक पर टाली बड़ी घटना,फायर ब्रिगेड ने दिखाईतत्परता, फायर ब्रिगेड की एक दर्जन गाड़ियों ने पाया आग पर काबू







**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर में करमचंद चौक स्थित टीबड़े वाला मार्केट के थर्ड फ्लोर में आज दोपहर 12 बजे के लगभग अचानक आग लग गई. आग ने कुछ ही पल में विकराल रुप धारण कर लिया, जिसकी लपटें देख मार्केट में चीख पुकार व अफरातफरी मच गई. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी व फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई. जिन्होने आग के बीच घिरे तीन लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया था.

बताया गया है कि करमचंद चौक में टीबड़वाला मार्के ट में मैडम कलेक्शन नामक दुकान में आज अचानक आग लग गई. अचानक लगी आग ने कुछ ही पल में विकराल रुप धारण कर लिया, आग ने आसपास की दुकानों को भी अपने चपेट में ले लिया. देखते ही देखते ही मार्केट में भगदड़ व चीख पुकार मच गई. मार्केट के व्यापारी से लेकर ग्राहक अपनी जान बचाने के लिए इधर से उधर भागते नजर आए. इस बीच मार्केट के सामने राह चलते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई. वे भी आग को लेकर स्तब्ध रह गए थे.

खबर मिलते ही पुलिस अधिकारियों से लेकर फायर बिग्रेड की 6 गाडिया़ पहुंच गई. जिन्होने आग पर काबू पाया, इसके अलावा आग के बीच फंसे तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया.

हालांकि तुलाराम चौक से लेकर करमचंद चौक की रोड पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया था. दोनों ओर पुलिस कर्मी तैनात रहे. लोगों का कहना था कि रविवार का दिन होने के कारण अधिकतर दुकाने बंद थी, वहीं कुछ दुकानें खुली नहीं रही. आगजनी की घटना से मैडम कलेक्शन में रखा लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया.

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में विंध्य सांस्कृतिक मंच द्वारा विशाल स्वास्थ्य सह जन समस्या समाधान शिविर आयोजित





**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)**। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में आज बारहा स्थित रॉयल हेरीटेज पब्लिक स्कू.ल प्रांगण में श्री विंध्ये सांस्कृ तिक मंच द्वारा विशाल स्वा स्थ्य सह जन समस्यास समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू , विधायक श्री सुशील तिवारी इंदु, श्री अशोक रोहाणी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, नवनियुक्त ग्रामीण अध्यरक्ष श्री राजकुमार पटेल, पूर्व महापौर श्रीमती सुशीला सिंह व विंध्यन सांस्कृ तिक मंच के अध्युक्ष श्री रविनंदन सिंह, कलेक्ट र श्री दीपक सक्सेमना, अपर कलेक्टधर श्रीमती मिशा सिंह व डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. सुभाष सक्सेकना सहित अन्यस गणमान्यम नागरिक मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्य मंत्री श्री शुक्लन ने विंध्यक क्षेत्र की गौरव व विकास को रेखांकित करते हुए कहा कि विंध्यु क्षेत्र ने सेना, राजनीति व न्यायौ आदि क्षेत्रों में ख्या तिलब्धल शख्सियत देकर विंध्यव का गौरव बढ़ाया है। चित्रकूट में भगवान राम वनवास के दौरान प्रवास किये थे, इसके साथ ही विंध्यु क्षेत्र सांस्कृयतिक दृष्टि से विशिष्टव स्थापन रखता है, वहीं यह क्षेत्र विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछाया जा रहा है और सकारात्म क तथा रचनात्म क कार्य से विंध्यल का नाम ऊंचा हो रहा है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के स्किल का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि सांसद व विधायक निधि से सांसद और विधायक गरीब बच्चोंक को बढ़ाने का बीड़ा उठायें। क्योंसकि भारतीय संस्कृकति में अन्नवदान, शिक्षादान और कन्यीदान का विशेष महत्वव है। इसलिये समाज की उन्नसति की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। उन्हों्ने कहा कि सभी को समाज की चिंता करनी चाहिए। जबलपुर व प्रदेश के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय हो, यहां की संभावनाओं को तलाशे और पूरे क्षेत्र को इको टूरिज्मा बनायें। उन्हों ने कहा कि मां नर्मदा की स्वकच्छ ता के लिए हर संभव प्रयास करें, इसके लिये वे आवश्यउक धनराशि भी सुनिश्चित कराई जायेगी।

सांसद श्री दुबे ने कहा कि विंध्य? सांस्कृ तिक मंच ने विकास की धारा को धरातल में उतारने का कार्य किया है। विंध्यि की गतिविधियों में महाकौशल को समुन्नवत करने में बड़ा योगदान दिया है। महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि विंध्य द्वारा सांस्कृमतिक गतिविधियों को बढ़ाने के योगदान को संस्काबरधानी कभी नहीं भूलेगा। उन्हौंने विंध्यस से आकर महाकौशल को संस्का़रित करने पर विंध्य सांस्कृातिक मंच को धन्यउवाद दिया। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि यह बड़ी प्रसन्न्ता कि बात है कि लम्बेस समय बाद ग्रामीण क्षेत्र में वृहद स्तयर पर स्वाास्र्य् शिविर आयोजित किया गया है। वैसे तो स्?वास्य् ब केन्द्रों में समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाता है,

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारतीय पहचान दे रही पश्चिम बंगाल सरकार, हिन्दू बनकर कर रहे अपराध-कैलाश विजयवर्गीय



जबलपुर. एमपी के नगरीय प्रशासन व आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज अपने जबलपुर प्रवास पर भारत की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है. उन्होने पश्चिम बंगाल में ममता सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को हिन्दू नाम से आधार कार्ड बनवाकर उनकी असली पहचान छिपाने में मदद की जा रही है. ये घुसपैठिए भारत में न केवल अपराध कर रहे है.

कैबिनेट मंत्री श्री विजयवर्गीय ने आगे कहा कि दिल्ली में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उनपर कड़ी कार्रवाई की जा रही है. इस मामले में और सख्त कदम उठाने की मांग की है. ताकि देश की सुरक्षा और शांति बनी रहे. आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर राहुल गांधी के बयान को लेकर विजयवर्गीय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भागवत के घुटने तक भी नहीं हैं. उनका बयान ऊपर मुंह करके थूकने जैसा है. वे केवल सत्ता पाने के लिए अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं. जबलपुर प्रवास के दौरान मंत्री विजयवर्गीय कटंगा में विंध्य सांस्कृतिक मंच के कार्यक्रम में शामिल हुए और वहीं प्रधानमंत्री की मन की बातश् का प्रसारण भी सुना.

## थाना कोतवाली अंतर्गत उखरी क्षेत्र में हुई नकबजनी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)**। थाना कोतवाली में विकास कुमार जैन निवासी मधुवन कालोनी उखरी रोड कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि दिनाँक 21.12.2024 के सुबह करीब 04.30 बजे अपने परिवार के साथ इन्दौर चला गया था। दिनांक 23.12.2024 को सुबह करीब 05.30 बजे घर वापस आया तो देखा कि घर मे रखे 03 गैस सिलेन्डर, 01 लेपटाप लेनोवो कंपनी का, 01 सरकारी टैबलेट (एचएचटी डाटा मिनी कंपनी), 01 गूगल एलेक्सा स्पीकर, 01 स्मार्ट वॉच, 05 चाँदी के सिक्के, 5000 रूपये नगद, 01 मोबाईल फोन की

### चुराया हुआ इलेक्ट्रानिक सामान एवं सिलेण्डर जप्त

पैड वाला नोकिया कंपनी का गायब था। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 482/24 धारा 331(4), 305(एं) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी खेम सिंह मरावी पिता स्व कंधी सिंह मरावी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मझगवा थाना शहपुरा, जिला डिंडोरी को अभिरक्षा मे लेते हुये पूछताछ करने पर मधुवन कालोनी में चोरी करना स्वीकार किया, आरोपी की निशादेही पर चुराया हुआ एक लैपटॉप लेनोवो कंपनी का, एक शासकीय टैबलेट डाटा मिनी कंपनी का, एक गूगल एलेक्सा स्पीकर, एक स्मार्ट वॉच, एक की पैड मोबाइल नोकिया कंपनी का तथा तीन घरेलू गैस सिलेंडर इंडेन कंपनी के बरामद जप्त करते हुये आरोपी खेमसिंह मरावी को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय भूमिका- आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का मशरूका जप्त करने में थाना प्रभारी कोतवाली श्री भुवन प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में चौकी प्रभारी उखरी उप निरीक्षक संजय गुर्जर ,आरक्षक विजय यादव,

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -95, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 17.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विशाल पाण्डे, पिता- स्व. श्री शिव प्रसाद पाण्डे** ने मकान नं. 2630 पंचायती कुंआ के पास, पिन नं. 1000372578 **वार्ड गोकलपुर वार्ड,** भूतल 600 व.फु. सी.सी., **आधार कार्ड, विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, खसरा,सहमति पत्र** , के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्री शिव प्रसाद पाण्डे, पिता-श्री श्याम सुन्दर पाण्डे, मकान नं. 2630 पंचायती कुंआ के पास, पिन नं. 1000372578 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -94, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 17.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रीती झारिया, पति- श्री सुदेश कुमार झारिया** ने मकान नं. 1408 ध 28/1 पिन नं. 1000415820 **वार्ड अम्बेडकर वार्ड,** भूतल 1000 व.फु., **आधार कार्ड, विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** , के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्री एस.पी.मल्होत्रा, पिता- स्व. श्री जगन्नाथ मल्होत्रा, मकान नं. 1408 ध 28/1 पिन नं. 1000415820 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 446/ 2024/2025 दिनांक 17.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रीती सेन, पति- श्री अनिल सेन,** ने खसरा क्रं. 211/2/1/1 पिन क्र. 2000208036 का भाग, **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री अभिषेक जैन, पिता- श्री चंद्रभान जैन, क्षेत्रफल 600 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 445/ 2024/2025 दिनांक 17.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री नंदप्रकाश शुक्ला, पिता- श्री लक्ष्मी प्रसाद शुक्ला, 2. श्रीमती सुनीता शुक्ला, पति- श्री नंदप्रकाश शुक्ला,** ने भवन क्रं. एल.आई.जी- 634 पिन क्र. 1000489294, **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री बी.डी.शर्मा, पिता- स्व. श्री एस.डी. शर्मा, क्षेत्रफल 1453 व.फु., भूतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 444/ 2024/2025 दिनांक 17.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री गंगा राम सिंह, पिता- स्व. श्री भगवान दीन सिंह,** ने भवन क्रं. 964/ एम-18 पिन क्र. 1000563153, **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती सरोज शर्मा, पति- श्री रामनरेश शर्मा, क्षेत्रफल 862 व.फु., भूतल 650 व.फु.,प्रथमतल 600 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 443/ 2024/2025 दिनांक 16.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शैल शर्मा, पति- श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,** ने भूखंड क्रं. सी- 52 पिन क्र. 1000705646, **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री मनीष कुचया, पिता- श्री कमलेश प्रसाद कुचया, क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 925 व.फु.,प्रथमतल 925 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 442/ 2024/2025 दिनांक 16.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रतिमा चौकसे, पति- स्व. श्री सुदर्शन प्रसाद चौकसे** ने भूखंड क्रं. 1129 पिन क्र. 1000527455, **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री सुदर्शन प्रसाद चौकसे, पिता- श्री ए.पी. चौकसे, क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 2050 व.फु.,प्रथमतल 1050 व.फु., **शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 441/ 2024/2025 दिनांक 16.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विक्रांत धार्या, पिता- श्री ब्रज मोहन धार्या** ने खसरा क्रं. 735/2/1 पिन क्र. 1000533218, **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री शरद सोनी, पिता-श्री राम सहाय सोनी, क्षेत्रफल 1800 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 440/ 2024/2025 दिनांक 16.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती आरती गुप्ता, पति- श्री कृष्ण कुमार गुप्ता** ने भूखंड क्रं. 48 पिन क्र. 1000497681, **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री अशोक कुमार गुप्ता, पिता-श्री दशरथ प्रसाद गुप्ता, क्षेत्रफल 800 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 439/ 2024/2025 दिनांक 13.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री राजेन्द्र प्रसाद वट्‌टी, पिता- श्री हरनाम सिंह वट्‌टी, 2. श्रीमती मिनाक्षी वट्‌टी, पति- श्री राजेन्द्र प्रसाद वट्‌टी,** ने भूखंड क्रं. 57 पिन क्र. 1002088060, **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) 1. श्रीमती अंजनी यादव, पतिश्री चन्द्रपाल यादव, 2.श्रीमती कृष्णा पाली, पति- श्री विजय पाली, क्षेत्रफल 904 व.फु.,भूतल 800 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु., द्वितीयतल 100 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 438/ 2024/2025 दिनांक 13.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सरोज ठाकुर, पति- स्व. श्री संत कुमार ठाकुर** ने भवन क्रं. 1017/सी-2 पिन क्र. 1000533427, **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री संत कुमार ठाकुर,पिता- स्व. श्री खुशाल सिंह ठाकुर, क्षेत्रफल 1200 व.फु.,भूतल 800 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999